12 मार्च, 2025
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 143

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


भूमि के व्यावसायिक उपयोग पर सरकार लगायेगी टैक्सः दीपक बिरुआ




माह-ए-रमजान
इफ्तार 5:57 शाम बुधवार
सेहरी 4:45 सुबह गुरुवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR


# झारखंड का आतंक अमन साव एनकाउंटर में ढेर

- पूछताछ के लिए रायपुर से रांची ला रही थी पुलिस
- गुर्गों ने बमबारी कर छुड़ाने का प्रयास किया
- बमबाजी के बाद पुलिस गाड़ी हुई दुर्घटनाग्रस्त
- पुलिसकर्मी का हथियार छीन भागने का किया प्रयास
- पुलिस ने रोकने का किया प्रयास, तो चला दी गोली
- पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में हुआ ढेर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू/रांची।** झारखंड में आतंक का पर्याय बन चुका गैंगस्टर अमन साव पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। मंगलवार को उसे रायपुर जेल से झारखंड पुलिस की रिमांड में रांची लाया जा रहा था। उसे ला रही पुलिस की स्कॉर्पियो सुबह करीब साढ़े नौ बजे जैसे ही चैनपुर-रामगढ़ रोड पर अन्हारी ढोढ़ा घाटी पहुंची, अमन साव के गुर्गों ने उसे छुड़ाने के लिए बम फेंका। इसके कारण गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसके कारण हुई अफरा-तफरी में अमन साव ने हवलदार राकेश कुमार के हाथ से राइफल छीनकर भागने लगा। जवानों ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने गोली चला दी, जो एक जवान की जांघ में लगी। तब पुलिस ने जवाबी फायरिंग की और अमन साव को मार गिराया। घायल हवलदार का इलाज एमएमसीएच पलामू में चल रहा है।

**जंगली इलाके में हुई घटनाः** पलामू की एसपी रेशमा रमेशन के मुताबिक अमन साव को एनआइए के एक मामले में एटीएस की टीम रायपुर जेल से ला रही थी। अमन साव पर रायपुर में रंगदारी के दो मामले दर्ज थे। वह पिछले साढ़े तीन महीने से रायपुर जेल में था।

**यह है पूरा घटनाक्रमः** एसपी के अनुसार, अमन साव को रिमांड पर मंगलवार को रायपुर से सड़क मार्ग से तीन वाहनों के काफिले में रांची लाया जा रहा था। एटीएस के डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह उसे लानेवाली टीम का नेतृत्व कर रहे थे। जहां घटना हुई है, वह जंगली इलाका है। काफिला जैसे ही घाटी में पहुंचा, घात लगाये अमन के गुर्गों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की और बम भी फेंका। अचानक हुए हमले से गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और पीछे चल रहीं गाड़ियां थोड़े फासले पर रुक गयीं। वहां अफरा-तफरी मच गयी। इस अफरा-तफरी के बीच अमन ने जवान राकेश कुमार से उसकी इंसास राइफल छीन ली और भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे रुकने के लिए कहा, तो वह गोली चलाने लगा। एक गोली राकेश को लगी। इसके बाद एटीएस की एस्कॉर्ट पार्टी द्वारा जवाबी कार्रवाई की गयी और अमन को मार गिराया। अमन साव की लाश जमीन पर करवट अवस्था में मिली। उसके हाथ में पुलिसकर्मी से छीनी गयी इंसास राइफल थी। उसके आसपास से खोखा और जिंदा कारतूस, जिंदा बम और फटे बम के अवशेष पड़े मिले हैं।

## 2012 में अपराध की दुनिया में रखा कदम



पुलिस के अनुसार गैंगस्टर अमन साव को अमन साहू के नाम से भी जाना जाता था। उसका जन्म रांची जिले के मतवे, बुढ़मू गांव में साल 1995 में हुआ था। साल 2010 में उसने मैट्रिक की परीक्षा 78 फीसदी अंकों के साथ पास की थी। उसके बाद पंजाब के मोहाली से सूचना तकनीक और कंप्यूटर साइंस में उसने डिप्लोमा किया था। उसे 62% नंबर आये थे। साल 2012 में जब वह घर आया था, तब उसकी पहचान कुलेश्वर सिंह से हुई और यहीं से उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा। एक कांड के दौरान वह 2015 में पहली बार जेल गया, जहां उसकी दोस्ती सुजीत सिन्हा और मयंक सिंह से हुई। यहीं से वह उग्रवादी संगठनों के अलावा दूसरे आपराधिक गिरोहों के संपर्क में आया।

### रंगदारी वसूलता था, नहीं देने पर गोली मरवाता

अमन साव झारखंड पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती था। उसके गिरोह के निशाने पर कोयला कारोबारी, ट्रांसपोर्टर, ठेकेदार, रियल इस्टेट कारोबारी और बिल्डर थे। अमन इनसे लगातार रंगदारी वसूल रहा था। बात नहीं मानने वालों पर खुलेआम गोलियां भी चलवाता था। इसके बाद गैंग के गुर्गे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर और वर्चुअल नंबर से मीडिया को जानकारी भी देते थे कि घटना को उनके ही गिरोह ने अंजाम दिया है।

## पुलिस को मिल रही शाबासी



‘ झारखंड पुलिस द्वारा एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर प्रदेश में आपराधिक साम्राज्य चलाने वालों के लिए कड़ा संदेश है। जो कानून को चुनौती देगा, उसका यही हश्र होगा। जनता की सुरक्षा और शांति के लिए ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को इसी दृढ़ता से अपनी कार्रवाई जारी रखनी चाहिए।

**- बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष**



‘ राज्य में हर हाल में ‘रूल ऑफ लॉ’ ही चलेगा। यहां की धरती पर कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सरकार विधिसम्मत कार्रवाई करेगी। यह घटना निश्चित रूप से राज्य में आपराधिक चरित्र के तमाम लोगों को संदेश है कि अगर कोई कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करेगा, तो राज्य सरकार उसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**-सुदिव्य कुमार, नगर विकास मंत्री**

## कौन हैं जांवाज प्रमोद कुमार सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। एटीएस के जिस सदस्य ने अमन साव का एनकाउंटर किया है, वह 1994 बैच के सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह हैं। प्रमोद कुमार सिंह एनकाउंटर स्पेशलिस्ट माने जाते हैं। फिलहाल वह एटीएस में डीएसपी के पद पर हैं। इन्हीं को कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को छत्तीसगढ़ के रायपुर से रांची लाने की जिम्मेदारी दी गयी थी। प्रमोद कुमार पलामू, धनबाद, रांची सहित कई जिलों में काम कर चुके हैं। वह पलामू के चैनपुर में थाना प्रभारी भी रहे हैं। उन्होंने 2022 में धनबाद बैंकमोड़ में बैंक लुटेरों को दिन-दहाड़े मार गिराया था। उनका यह एक्शन तब काफी चर्चा में रहा था।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# मोदी का मॉरीशस में बिहारी गीत से स्वागत

राष्ट्रपति धरम से मुलाकात की, महाकुंभ का पवित्र गंगा जल भेंट किया



एजेंसी

**पोर्ट लुइस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के मॉरीशस दौरे पर हैं। ये उनकी राजकीय यात्रा है। उन्होंने मंगलवार दोपहर मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति धरम और उनकी पत्नी को गिफ्ट के रूप में महाकुंभ का पवित्र गंगा जल भेंट किया। इससे पहले मोदी मंगलवार सुबह करीब 8 बजे पोर्ट लुई एयरपोर्ट पर उतरे। यहां मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से रवाना होकर प्रधानमंत्री होटल पहुंचे। यहां भारतीय प्रवासियों ने ‘भारत माता की जय’ के नारे के साथ उनका स्वागत किया और तिरंगे लहराये। मोदी के स्वागत में मॉरीशस की महिलाओं ने पारंपरिक बिहारी ‘गीत गवई’ गाया। नरेंद्र मोदी बुधवार को मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर स्वागत के लिए मॉरीशस के प्रधानमंत्री का आभार जताया।


NAGESHWAR MAHTO PUBLIC SCHOOL
SALGADIH, TAMAR (RANCHI)
An English Medium Co-Educational School
Based on C.B.S.E. Pattern
Class: PRE-NURSERY to STD. 10th

मान्यवर,
आपको आमंत्रित किया जाता है कि **स्व० नागेश्वर महतो के द्वितीय पुण्यतिथि पर नागेश्वर महतो पब्लिक स्कूल सलगाडीह, तमाड़** के प्रांगण में **दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को स्व० नागेश्वर महतो** के चित्र पर **पुष्पांजलि अर्पित एवं विद्यालय स्थापना दिवस सह खेल-कूद** कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।
इस अवसर पर आप विशिष्ट अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित हैं।

नि:शुल्क !
नामांकन जारी है।



वाहन की सुविधा उपलब्ध है।
हमारी मुख्य विशेषताएँ :-
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा (Quality Education)
- मनोरंजनपूर्ण शिक्षा (Joyfull Learning)
- अंग्रेजी माध्यम द्वारा शिक्षा (English Medium)
- स्मार्ट क्लासेस (Smart Classes)
- कम्प्यूटर शिक्षा (Computer Education)
- प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षणकार्य (Education Work by the Trained Teacher's & Experience)
- कराटे, योगा एवं खेलकूद गतिविधि Karate, Yoga & Sports Activities

-: विशेष तैयारी :-
नवोदय, नेतरहाट एवं आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

-: कार्यक्रम :-
दिनांक 12.3.2025 दिन बुधवार
सुबह 11 बजे से - पुष्पांजलि अर्पित
दिन 11:30 बजे से - पुण्य तिथि एवं स्थापना दिवस पर अतिथियों का भाषण
दिन 02 बजे से - खेल-कूद कार्यक्रम



स्व. नागेश्वर महतो
संस्थापक

-:विनीत:-
कुमकुम महतो
निदेशक
नागेश्वर महतो पब्लिक स्कूल
सलगाडीह, तमाड़ (राँची)





झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह
खुशियों का उपहार

मुख्य अतिथि
डॉ. इरफान अंसारी
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
तथा आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार

इनकी होगी अनुबंध आधारित नियुक्ति
- विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी
- चिकित्सा पदाधिकारी
- OT टेक्नीशियन
- दंत चिकित्सक



दिनांक: 12 मार्च 2025
समय: अपराह्न 02:00 बजे
स्थान: IPH सभागार, नामकुम, रांची

P.R 348258 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 12 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# झारखंड पुलिस को हर तरफ से मिल रही है शाबाशी

## ■ गैंगस्टर अमन साव को मार गिरा कर राज्य को आतंक से मुक्त कराया

## ■ लंबे अंतराल के बाद झारखंड पुलिस को मिली इतनी बड़ी कामयाबी

## ■ दूसरे गैंगस्टरों के खिलाफ भी ऐसी सीधी कार्रवाई की है आवश्यकता

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड पुलिस ने लंबे समय के बाद बड़ी कामयाबी हासिल की है। अलग राज्य बनने के बाद से उसे पहली बार चारों तरफ से इतनी शाबाशी मिल रही है, क्योंकि उसने इस राज्य को अमन साव नामक गैंगस्टर के आतंक से मुक्ति दिला दी है। अमन साव के खात्मे के साथ ही राज्य की कानून-व्यवस्था और अपराध के मामले पर झारखंड पुलिस पर उठ रहे सवाल भी हमेशा के लिए खत्म हो गये हैं। पिछले एक दशक से अमन साव ने पूरे झारखंड में आतंक फैला रखा था। कारोबारी से लेकर व्यवसायी और ठेकेदार से लेकर अधिकारी तक उसके नाम से खौफ खाते थे। पुलिस पर उसे बचाने के आरोप लग रहे थे, लेकिन इस दुर्दांत अपराधी को मार गिरा कर झारखंड पुलिस ने अपनी वर्दी पर लगे कलंक के दाग को मिटा लिया है। अमन साव ने लोगों का सुख-चैन छीन लिया था, तो फिर उसे भी जीने का कोई अधिकार नहीं रह गया था। झारखंड को अभी इस तरह की कार्रवाई की जरूरत है, क्योंकि अब भी कुछ ऐसे गैंगस्टर हैं, जो इस शांत प्रदेश को अशांत कर रहे हैं। अमन साव ने झारखंड में अपराध का जो काला साम्राज्य स्थापित किया था, उसके अंत के साथ राज्य में शांति का नया अध्याय शुरू हुआ है। इसके लिए वाकई पुलिस की तारीफ की जानी चाहिए। पुलिस की कार्रवाई का असर उन बचे-खुचे गैंगस्टरों पर भी पड़ेगा, जो खुद को कानून से ऊपर मानते हैं। अमन साव के खात्मे के इस अध्याय का क्या होगा झारखंड के अपराध जगत पर असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के राज्य समन्वय संपादक अजय शर्मा।**


अजय शर्मा

कहानी शुरू करते हैं 90 के दौर से, जब झारखंड अलग राज्य नहीं बना था। रांची में एक युवा आइपीएस की तैनाती हुई थी। नाम था अरविंद पांडेय और पद मिला था एएसपी का। उन दिनों रांची का जनजीवन शाम सात बजे थम जाया करता था। इलाके में सुरेंद्र बंगाली और अनिल शर्मा का आतंक था। अरविंद पांडेय ने रांची को अपराधमुक्त करने का अभियान शुरू किया, तो अपराधी इधर-उधर भागने लगे। कई अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारे गये, तो बड़े गैंगस्टरों को अमिताभ चौधरी (अब दिवंगत) जैसे जांबाज आइपीएस अफसरों ने दबोचना शुरू किया। कुछ ही महीने के बाद रांची और आसपास के इलाके में संगठित अपराध कम हो गये। लेकिन झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से पुलिस ने वैसा अभियान कभी शुरू नहीं किया। इसका नतीजा यह हुआ कि राज्य में गैंगस्टरों की हिम्मत बढ़ती गयी। कारोबारी, ठेकेदार और बिल्डर उनके निशाने पर आ गये। पुलिस को इनकी गतिविधियों की जानकारी मिलती तो थी, लेकिन वह कोई कार्रवाई नहीं करती थी।

ऐसे में आठ और नौ मार्च को रांची और हजारीबाग में ताबड़तोड़ दो घटनाओं को अंजाम देकर गैंगस्टर अमन साव ने झारखंड पुलिस के इकबाल को चुनौती दी। अमन साव के गुर्गों ने रांची में सरेराह एक कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा को गोली मार कर घायल कर दिया। इसके अगले ही दिन उसके गुर्गों ने हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव को गोलियों से भून डाला। इन दो घटनाओं ने झारखंड पुलिस पर सवालिया निशान लगा दिया। लेकिन 11 मार्च को झारखंड पुलिस ने अमन साव को एक मुठभेड़ में मार गिराया। इसके साथ ही झारखंड को उसके आतंक से मुक्ति मिल गयी।

### झारखंड का सबसे दुर्दांत गैंगस्टर था अमन

अमन साहू कितना बड़ा गैंगस्टर था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसे झारखंड का लॉरेंस बिश्नोई भी कहा जाने लगा था। जिस तरह जेल में बंद रहकर लॉरेंस बिश्नोई दिल्ली से मुंबई तक वसूली, लूट और हत्या को अंजाम देता है, उसी तरह अमन साहू भी छत्तीसगढ़ की जेल से पूरा नेटवर्क चला रहा था। दुबले-पतले शरीर और मासूम से चेहरे वाले अमन साहू पर 150 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। वह लॉरेंस बिश्नोई से भी हाथ मिला चुका था। कभी हार्डकोर नक्सली रहा अमन साहू पिछले कई सालों से आपराधिक गैंग चला रहा था। वह वसूली से लेकर हत्या और लूट का बड़ा नेटवर्क चला रहा था, जिसमें सैकड़ों शूटर और गुर्गे शामिल हैं। झारखंड से छत्तीसगढ़ तक अमन साहू मुख्य तौर पर कोयला कारोबारियों को निशाना बनाता था। वह कोयला कारोबार से जुड़े लोगों से वसूली करता था और इनकार किये जाने पर हत्या कर देता था।



### लॉरेंस बिश्नोई से अमन का क्या कनेक्शन

अमन साहू पिछले कुछ सालों में लॉरेंस बिश्नोई का करीबी बन चुका था। बताया जाता है कि लॉरेंस बिश्नोई को वह शूटर और गुर्गे उपलब्ध कराता था। बदले में उसे लॉरेंस गैंग से कई आधुनिक हथियार मिले थे। लॉरेंस बिश्नोई से एएनआइ की पूछताछ के दौरान भी अमन साहू का नाम सामने आया था। अमन साहू बिश्नोई गैंग को गुर्गे उपलब्ध कराने के अलावा शूटरों को सीमापार कराने में भी मदद करता था। पिछले कुछ सालों में साहू लॉरेंस का पक्का यार बन चुका था। लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में बंद है।

### सोशल मीडिया पर भी एक्टिव था साहू

अमन साहू सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहता था। उसका अकाउंट विदेश में बैठा शख्स ऑपरेट कर रहा था। एनकाउंटर से 15 घंटे पहले भी अमन साव की एक तस्वीर को फेसबुक पर पोस्ट किया गया था। अमन साहू राजनीति में भी आना चाहता था और वह बड़कागांव से विधानसभा का चुनाव लड़ना चाहता था।

### झारखंड पुलिस ने हासिल की बड़ी कामयाबी

अमन साव को मार गिराये जाने के बाद झारखंड पुलिस की चौतरफा तारीफ हो रही है। कहा जा रहा है कि जो गैंगस्टर या अपराधी दूसरों के जीने के अधिकार का हनन करते हैं, उन्हें खुद जिंदा रहने का अधिकार नहीं है। अमन साव ने जिस तरह डेढ़ सौ से अधिक घटनाओं को अंजाम दिया और दिलवाया, दर्जनों लोगों की हत्या की, उसे झारखंड आखिर कब तक बर्दाश्त करता। वास्तव में झारखंड बनने के बाद से यह पहला मौका है, जब झारखंड पुलिस ने किसी गैंगस्टर को मुठभेड़ में मार गिराया है।

### राज्य की जेलों पर नजर रखने की जरूरत

अमन साव को मार गिराने के बाद अब झारखंड पुलिस के सामने यह चुनौती है कि वह जेल के भीतर से संचालित हो रहे अपराध की दुनिया को नेस्तनाबूद करे। पुलिस प्रशासन को खुलेआम घूम रहे अमन साव के गुर्गों को दबोचने के साथ उस सिस्टम को ध्वस्त करने की चुनौती है, जिसकी मदद से जेल में बंद होने के बावजूद अपराधी बाहर की दुनिया के संपर्क में रहते हैं। जब तक ऐसा नहीं होगा, संगठित अपराध पर लगाम लगाना असंभव होगा।

### हेमंत सरकार ने सबका मुंह बंद कराया

इस बात में कोई संदेह नहीं कि अमन साव को मार गिराये जाने के साथ ही हेमंत सोरेन सरकार ने कानून-व्यवस्था पर हो रही आलोचनाओं को हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अपनी पूरी टीम के साथ संगठित अपराध के खिलाफ जो अभियान शुरू किया है, अमन साव का एनकाउंटर उसका पहला अध्याय है। अभी इस अभियान में कई अध्याय और लिखे जायेंगे। उनमें निश्चित रूप से झारखंड में सक्रिय दूसरे गैंगस्टरों के नाम शामिल होंगे।

---

# अमन साहू के एनकाउंटर से कारोबारियों में राहत

## अपराध जगत में फैली दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के एनकाउंटर के बाद अपराध जगत में दहशत फैल गयी है। व्यापारियों-कारोबारियों ने राहत की सांस भी ली है। पुलिस की सख्ती अब दूसरे गैंगस्टरों पर भी बढ़ने वाली है। खास तौर पर वैसे सरगनाओं पर जो जेल से ही अपना गिरोह चला रहे हैं और लगातार रंगदारी, हत्या, धमकाने जैसे कार्य कर रहे हैं, इसके जरिये गैंगस्टर और उनके गुर्गे करोड़ों की कमाई कर रहे हैं। कोयले के कारोबार और आधारभूत योजनाओं में लेवी वसूलने सहित जमीन की दलाली में भी ये शामिल हैं।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी बयान दिया था कि ऐसे सरगनाओं की पहचान की गयी है जो जेल से ही आपराधिक संगठन चला रहे हैं, इनमें अमन साहू का नाम सबसे आगे था, इसके बाद विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव का काम आगे है। यूपी कनेक्शन भी इनके तलाशे जा रहे हैं।

**कौन है अमन साव, जिसे मार गिराया गया :** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) भी जांच कर रही थी। एनआइए ने कई मामलों में उनके ठिकानों पर छापा भी मारा था। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से इसके संबंध होने की बात थी। यानि, इस बड़े गैंगस्टर के पांव न सिर्फ झारखंड में नहीं बल्कि दूसरे राज्यों में भी फैले थे।



### कई जिलों में फैला है नेटवर्क

**अमन साव का नेटवर्क धनबाद, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, पलामू, लातेहार, बोकारो जिलों में अधिक फैला था। लोहरदगा, लातेहार के इलाकों में भी इसकी धमक थी। साहू के रडार पर कोल माइनिंग कंपनियां, कोयला व्यवसायी और ट्रांसपोर्ट फील्ड के बिजनेसमैन रहते हैं। साहू इनको अपना टारगेट बनाकर इनसे रंगदारी की मांग करता था और जो उसकी बात नहीं मानता उसके गुर्गे उसे गोलियों से भून देते हैं। अब इसकी मौत से इस नेटवर्क को गहरा झटका लगा है।**

---

## गिरिडीह कारा में भी गैंगस्टर अमन साहू की थी दहशत

# गुर्गों के सहारे गिरिडीह केंद्रीय कारा के जेलर पर चलवा दी थी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मारा गया। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कुख्यात की मौत हो गयी। हालांकि अमन की मौत के बाद उसके करतूत की चर्चा फिर से सरेआम होने लगी है। दरअसल, गिरिडीह में भी अमन साव ने दहशत फैलायी थी। ऐसे में गिरिडीह जिले में भी गैंगस्टार अमन साव की चर्चा सभी जगह हो रही है।

**जेलर पर चलवा दी गोली, गुर्गों का लिया सहयोग :** दरअसल, बात 20 जुलाई 2022 की करते हैं। उस दिन गिरिडीह केंद्रीय कारा में पदस्थापित उस समय के जेलर प्रमोद कुमार कारा से गिरिडीह कोर्ट जा रहे थे। रास्ते में जेलर प्रमोद के वाहन पर तीन गोली चलायी गयी।

इस मामले में तत्कालीन एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में छानबीन हुई। जिससे यह साफ हुआ कि 7 अप्रैल 2022 से गिरिडीह केंद्रीय कारा में बंद अमन ने जेलर को डराने के लिए अपने गुर्गों से फायरिंग करवायी थी। इस घटना में अमन के साथियों की गिरफ्तारी भी हुई थी। इसके बाद अमन को सिमडेगा के कारा में शिफ्ट कर दिया गया था।

### सुविधा में हुई कटौती तो महिला जेलर को ही दिलवाने लगा धमकी

जेलर प्रमोद पर फायरिंग की घटना के बाद अमन को गिरिडीह केंद्रीय कारा से हटा दिया गया। लगभग दो साल तक अमन साव सूबे के अलग-अलग जेल में बंद रहा। दो साल बाद फिर से अमन साव की एंट्री गिरिडीह केंद्रीय कारा में हुई। इस बार तारीख थी 21 जून 2024। उस दिन गिरिडीह केंद्रीय कारा में आते ही अमन कारा के अंदर अपना राज स्थापित करना चाहता था। अमन को हरेक सुविधा चाहिए थी, जिसकी उसे ख्वाहिश थी। हालांकि इस बार केंद्रीय कारा की अधीक्षक हिमानी प्रिया ने अमन की बातों को मानने से इंकार कर दिया। हिमानी कारा के अंदर सख्त हुई तो अमन के गुर्गों ने हिमानी को धमकाना शुरू कर दिया। हिमानी को इंटरनेशनल कॉल आने लगा। अमन का साथी मयंक हिमानी को फोन करता और जेल में सुविधा बढ़ाने की बात कहता था। हालांकि हिमानी डरी नहीं।

### आंकड़ा एकत्रित करने में जुटी पुलिस


दूसरी तरफ बताया जाता है कि अमन की मौत के बाद अमन के खिलाफ दर्ज मामलों की वर्तमान स्थिति का आंकलन करने में पुलिस जुटी हुई। जिले के एसपी डॉ बिमल कुमार ने मुफस्सिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो से पूरी जानकारी मांगी है।

### गिरिडीह में दर्ज हैं तीन मामले

जेलर प्रमोद पर हमला और जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया को धमकी देने के मामले को लेकर गिरिडीह मुफस्सिल थाना में तीन प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। तीनों प्राथमिकी में अमन साव का जिक्र है। जिसकी पुष्टि मुफस्सिल थाना के पदाधिकारी ने की है। अमन के खिलाफ मुफस्सिल थाना कांड संख्या 188/22 दिनांक 20/7/22 भादवि की धारा 189/307/353/506/34 और 25(1-बी ) (ए)/27 आर्म्स एक्ट। कांड संख्या 190/22 दिनांक 24/7/22 धारा 25(1-ई), 25(1-एए)/26(2)/35 आर्म्स एक्ट और कांड संख्या 225/24 दिनांक 05/07/24 भादवि की धारा 186/ 353/ 506/ 507/387/34 दर्ज हैं।

---

# अपराध मुक्त राज्य बना रही है पुलिस : डीजीपी



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड का टेरर कहा जाने वाला अमन साहू एनकाउंटर में मारा गया। हजारीबाग पहुंचे राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस घटना पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड को अपराध मुक्त करने के लिए पुलिस काम कर रही है।

डीजीपी ने कहा है कि यह पूरी घटना कैसे घटी है, इसे लेकर एटीएस के एसपी को घटनास्थल पर भेजा गया है। पूरे मामले की तह तक जाने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना में एक जवान घायल भी हुआ है।

दरअसल अमन साव को रायपुर से झारखंड के एक कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड पर भेजा जा रहा था। क्योंकि वह शातिर अपराधी था। ऐसे में सुरक्षा के लिए एटीएस की टीम भी साथ में थी। इसके बावजूद घटना कैसे घटी है यह जांच का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस का काम अपराधी को पड़कर जेल भेजना है और झारखंड की पुलिस वह कर रही है।

डीजीपी ने यह भी कहा कि झारखंड में अमन साव, विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव और प्रिंस खान गिरोह सक्रिय है। इन सभी पर नकेल कसा जायेगा। झारखंड अपराध मुक्त राज्य हो इसके लिए पुलिस अपना काम कर रही है। बता दें कि एटीएस की टीम अमन साव को तीन वाहनों के काफिला से रायपुर से रांची लेकर आ रही थी। इसी बीच पलामू में एटीएस की टीम पर हमला हुआ और अमन साव को छुड़ाने की कोशिश की गयी। इस हमले में एटीएस की जवाबी कार्रवाई में अमन साव मारा गया।

वहीं, एटीएस के एक हवलदार राकेश कुमार जख्मी हुए हैं। प्रमोद कुमार सिंह झारखंड एटीएस में डीएसपी हैं। प्रमोद कुमार पर ही कुख्यात गैंगस्टर अमन साव को छत्तीसगढ़ के रायपुर से रांची लाने की जिम्मेदारी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.6 °c | 16.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.02 बजे |



**बजट सत्र :** राजस्व विभाग की 7.58 अरब की अनुदान मांग स्वीकृत

# जमीन के व्यावसायिक उपयोग पर सरकार लगायेगी टैक्स: दीपक बिरुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग का 07 अरब, 58 करोड़, 97 लाख, 31 हजार रुपये की अनुदान मांग की स्वीकृति दी गयी। इस दौरान विपक्ष सदन से अनुपस्थित रहा। विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रखा था। विभागीय मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि राज्य सरकार भूमि का व्यवसायिक इस्तेमाल करने पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि राज्यों में दाखिल-खारिज कराने को लेकर समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से अधिकारियों को कहा गया है कि दाखिल-खारिज का यदि कोई मामला का रिजेक्ट किया जाता है तो उस पर 50 शब्दों की टिप्पणी जरूर दें।

**जीएम लैंड को किया जायेगा लैंड बैंक से बाहर :** मंत्री ने कहा कि राज्य में पेसा कानून के तहत जमीन को संरक्षित करने का प्रयास राज्य सरकार कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रावधान था कि यदि कोई उद्योगपति अधिग्रहित जमीन का उपयोग नहीं करता है तो पांच वर्षों के भीतर उसे रैयत को लौटाने का प्रावधान था, जबकि भाजपा शासन के दौरान इस जमीन को भी लैंड बैंक में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के गोचर जमीन और गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक में डाला गया है। इस जमीन को राज्य सरकार लैंड बैंक से बाहर करने का प्रयास करेगी।



## 13 सीमावर्ती जिलों में बनेंगे चेक पोस्ट

मंत्री ने कहा कि सरकार सीमावर्ती 13 जिलों में चेक पोस्ट बनायेगी। इससे सरकार को एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। वहीं मंत्री ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि पर कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा को स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों में शामिल करेगी। ताकि अधिक से अधिक लोग इसे लेकर जागरूक हो सकें।

## हजारों एकड़ भूमि को फ्री होल्ड किया जायेगा : दीपक बिरुवा

रांची (आजाद सिपाही)। भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खासमहल की हजारों एकड़ जमीन को जल्द ही फ्री होल्ड किया जायेगा। उन्होंने सदन में बताया कि खासमहल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठके हो चुकी हैं। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर निर्णय ले लिया जायेगा। इससे पूर्व भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि जो लोग बरसों से खासमहल की जमीन पर रह रहे हैं। उन्हें उस जमीन का मलिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा। चौरसिया का कहना था कि डाल्टनगंज में बड़ी संख्या में लोग खासमहल की जमीन पर रहते आये हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है लेकिन उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वह अपना घर नहीं बना पा रहे हैं। जो घर बना चुके हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का भी कहना था कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का 100 वर्ष से अधिक का कब्जा है लेकिन सरकार सड़क निर्माण और अन्य कार्यों के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं।

झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह

# आपसी प्रेम और सौहार्द्र के साथ होली मनायें : हेमंत



**मुख्यमंत्री ने झारखंड वासियों को होली की शुभकामनाएं दीं**

**विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, बाबूलाल सहित अन्य मंत्री, विधायक हुए सम्मिलित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** षष्ठम झारखंड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र की कार्यवाही समाप्ति के उपरांत झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित अन्य मंत्री एवं सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश और अबीर-गुलाल लगाकर पवित्र त्योहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है, रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी और राज्य सरकार की ओर से आपसभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आशा एवं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि और खुशहाली आये। आपसी प्रेम और सौहार्द्र के साथ यह त्योहार मनायें।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। नौकरी-व्यापार में उन्नति।

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी,किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा

**मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा,बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण,धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** रूका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें दुर्घटना की आशंका।

**कन्या** नौकरी में उन्नति होगी, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग, नौकरी में बदलाव होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा.

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय, मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# रिम्स के डॉक्टरों को जल्द मिलेगी पदोन्नति : मंत्री इरफान अंसारी

**कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण का जवाब दे रहे थे इरफान अंसारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू हुई। सदन में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक बुलाकर रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जायेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई हैं, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगाया है। अब जीबी की बैठक बुलाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। डॉक्टर अंसारी कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण का जवाब दे रहे थे। विधायक कच्छप का कहना था कि डॉक्टरों को पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गयी उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गये हैं और नियमित डॉक्टर जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है वह जूनियर हो गये। कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले डायरेक्टर कार्यकाल पूरा किये बगैर बीच में ही चले जाते हैं इससे रिम्स की व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है।



# भूमि अधिग्रहण पर प्रदीप यादव ने उठाये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोड्डा जिले में अडाणी पावर लिमिटेड द्वारा स्थापित पावर प्लांट को लेकर विधायक प्रदीप यादव ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इसमें भूमि अधिग्रहण, ऊर्जा नीति के उल्लंघन, कोयला आपूर्ति और स्थानीय हितों की अनदेखी से जुड़े गंभीर आरोप लगाये गये।

**सरकार का जवाब :** सरकार ने स्वीकार किया कि झारखंड ऊर्जा नीति-2012 के तहत राज्य को 25% बिजली मिलनी चाहिए थी। 2016 में अडाणी पावर लिमिटेड के साथ हुए समझौते में यह प्रावधान था कि कंपनी 25% बिजली (400 मेगावाट) झारखंड को अन्य स्त्रोतों से उपलब्ध करायेगी, लेकिन यह आपूर्ति अभी तक नहीं की गयी है। कोयले की आपूर्ति को लेकर सरकार ने बताया कि यह कोल माइंस (स्पेशल प्रोविजन) एक्ट 2015 के तहत तय किया जायेगा। अन्य आरोपों पर विभागीय स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। अडाणी पावर लिमिटेड द्वारा झारखंड ऊर्जा नीति और भूमि अधिग्रहण कानूनों के उल्लंघन को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। सरकार ने बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी को स्वीकार किया, लेकिन अन्य आरोपों पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया।



# बिना पैसा के अंचल कार्यालय में काम नहीं होता है: आलोक चौरसिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आलोक चौरसिया ने भूमि सुधार, पथ और परिवहन विभाग के बजट पर कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए कहा कि सबसे अधिक भ्रष्टाचार भूमि सुधार विभाग में है। सीओ और कर्मचारी ने ब्लॉक को लूट का अड्डा बना रखा है। बिना पैसा के अंचल कार्यालय में काम नहीं होता है। ब्लॉक के अफसर बोलते हैं कि ऊपर से पैसा देकर आये हैं तो पैसा लेंगे ही। म्यूटेशन और राजस्व वसूली के नाम पर रेट फिक्स है। जिस कांग्रेस नेता को हमने तीन बार हराया, वन भूमि को लूटने का काम किया। चौरसिया ने कहा कि खाली ट्रैक्टर में बालू डालकर जब्त कर लिया जा रहा है। डालटनगंज में सड़क जर्जर स्थिति में है। सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार पथ विभाग में है। एक तरफ सड़क बनती है तो दूसरी तरफ से टूटती है। अधिकारी पैसों की बंदरबांट करते हैं। लूट और मर्डर खनन विभाग के कारण हो रहा है। बाहरी लोगों से पैसा लेकर लीज दो दिन में दे दी जाती है। पत्थर और कोयला की चोरी हो रही है। गर्मी में पानी की किल्लत की वजह से लोग डालटनगंज छोड़कर चले जाते हैं।

## भ्रष्टाचार की गंगोत्री उधर से बही है : हेमलाल मुर्मू

चर्चा के दौरान हेमलाल मुर्मू ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की गंगोत्री उधर से ही बही है। सनातनी कहलाने वाले लोग झूठ बहुत बोलते हैं। रघुवर काल में भूमि अधिग्रहण कानून में संशोधन कर दिया गया। कानून के अहम भागों को बदल दिया। आदिवासियों को सभी अधिकार समाप्त कर दिये गये। जबरन जमीन पर कब्जा का कानून बनाया। ग्राम सभा के अधिकारों को कम कर दिया गया। हेमंत सरकार में सड़कों की स्थिति चकाचक है। भारत सरकार के प्रतिकूल सोच के बाद भी फोर लेन सड़कों का निर्माण हो रहा है। हेमलाल ने दुमका से आमरापाड़ी सड़क के निर्माण की मांग की। साथ ही हाथीगढ़ से गम्हरिया तक की 19 किलोमीटर सड़क को पथ निर्माण में हस्तांतरित करने की भी मांग की।



# रेलवे संसोधन विधेयक 2024 भारतीय रेलवे को विश्वस्तरीय बनाने में सहायक : प्रदीप वर्मा

## भारतीय रेलवे के विकास और आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने वाला कदम है यह विधेयक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रेलवे संसोधन विधेयक 2024 की चर्चा में भाग लेते हुए सांसद प्रदीप वर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी एवं रेलवे मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विधेयक भारतीय रेल के परिचालन को आधुनिक एवं अत्यंत पेशेवर ढंग से संचालित करने का प्रावधान करता है जिसका मैं सर्मथन करता हूं।

उन्होंने इस विधेयक को मोदी की गारंटी को साकार करने वाला एक क्रांतिकारी कदम बताया, जिसमें वर्ष 1905 के भारतीय रेलवे बोर्ड के अधिनियम को निरस्त करते हुए इसके प्रावधानों को मौजूदा रेलवे अधिनियम 1989 में एकीकृत किया गया है जिसका उद्देश्य रेलवे बोर्ड को स्वतंत्रता प्रदान करना है।

उन्होंने इस विधेयक को भारतीय रेल के परिचालन एवं विकास में दक्षता और सुशासन को बढ़ाने वाला क्रांतिकारी कदम बताया, जिसमें विभिन्न कानूनों को एकीकृत करके कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है।

भारतीय रेलवे नेटवर्क को पहले की अपेक्षा और अधिक दक्षता और कौशल प्रदान करने का प्रावधान इस विधेयक में किया गया है।

यह विधेयक मोदी की गारंटी के तहत मीडिल क्लास उच्च एवं निम्न आय वर्ग के लिए रेलवे कनेक्टिविटी और सुविधाएं बढ़ाने के वादों को साकार करने वाला बताया।

उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास एवं आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने वाला बताया। जिसमें मोदी सरकार के द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए 252000 हजार करोड़ का बजट आवंटन किया गया है। जो यूपीए सरकार द्वारा आवंटित 28174 करोड़ से नौ गुणा अधिक है।

उन्होंने कहा कि यह विधेयक रेलवे बोर्ड को अधिक स्वायत्ता प्रदान करने वाला है।

मोदी एवं रेलवे मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 1321 स्टेशनों का कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि रेलवे विद्युतीकरण को सौ प्रतिशत करने की दिशा में उठाया गया कदम इस विधेयक से सफल हो रहा है।

आधुनिक वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत कवच ट्रेन प्रणाली का क्रियान्वयन एवं भारत के प्रमुख शहरों में मेट्रो के विस्तार में यह विधेयक कारगर साबित होगी।

2004 से 2014 में जब देश में कांग्रेस की सरकार थी तब 5188 किलोमीटर विद्युतीकरण का कार्य किया गया। 2014 से 2024 तक मोदी सरकार में 39013 किलोमीटर विद्युतीकरण का कार्य किया गया।

रेलवे के आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए यूपीए सरकार ने 2009 से 2014 के बीच 230000 करोड़ रुपये रेलवे को दिये जबकि एनडीए सरकार ने 2014 से अबतक 850000 हजार करोड़ रेलवे को दिये।

मोदी की सरकार ने रेल दुर्घटना को रोकने के लिए भी सार्थक प्रयास किये हैं राष्ट्रीय रेलवे सुरक्षा कोष को स्थापित कर कवच और एलडी आधारित कम्युनिकेशन सुरक्षा प्रणाली के विकास की रूपरेखा बनायी गयी जिसके कारण वर्ष 2004 से 2014 में कुल 1711 रेल दुर्घटना प्रतिवर्ष 171 हुई थी जो वर्ष 2014 से 2024 तक घटकर 678 अर्थात प्रतिवर्ष केवल 24 रही जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से कारगर साबित हुई है। अभी तक 1415 किलोमीटर में कवच क्रियान्वित है, जिसे शीघ्र ही 3000 किलोमीटर तक करने की योजना है।

रेल डिरेल की घटना 2004-05 में 138 हुई जो 2022-23 में मात्र 36 रही जो वर्तमान सरकार की रेल सुरक्षा योजना पटरियों की सुदृढ़ीकरण आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था का क्रियान्वयन के प्रति गंभीरता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने रेलवे विद्युतीकरण के कार्य को शतप्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसमें 93.83 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि वर्ष 2011 तक देश की कांग्रेस सरकार मात्र 29.9 प्रतिशत कार्य कर पायी थी।

मोदी एवं रेलवे मंत्री के नेतृत्व में रेलवे के विकास एवं विद्युतीकरण में भी भारत, चीन, ब्रिटेन, यूरोप, अमेरिका, रूस को पीछे छोड़ कर 94 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में भी रेलवे के विकास के लिए मोदी सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। 2009-2014 तक कांग्रेस सरकार ने 457 करोड़ का आवंटन किया। वहीं 2025-26 में एनडीए सरकार ने 16 गुणा अधिक 7302 करोड़ रुपये का आवंटन किया।

यूपीए सरकार ने 2009 से 2014 के बीच 119 किलोमीटर नयी रेल लाइन बिछाने का काम किया। वहीं 2014 के बाद वर्तमान सरकार द्वारा 1311 किलोमीटर नयी रेल लाइन बिछाने का काम किया गया है, जबकि रेलवे विद्युतीकरण करण का काम झारखंड में शत-प्रतिशत हो गया है।

मोदी एवं रेलवे मंत्री के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश में 56694 करोड़ की लागत से 3251 किलोमीटर नयी रेल लाइन का काम 2134 करोड़ की लागत से 57 अमृत स्टेशन के विकास का काम 445 रेलवे ब्रिज और अंडरपास निर्माण किया गया।



# स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में मारी टक्कर, तीन की मौत

**रामलखन सिंह कॉलेज के पास मंगलवार अहले सुबह तीन बजे हुआ हादसा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में रामलखन सिंह कॉलेज के पास मंगलवार सुबह तीन बजे सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। मृतकों की पहचान सुजीत सिंकू, पृथ्वी सहदेव और भाजपा नेता बास्को बेसरा के पुत्र अग्नि बेसरा के रूप में हुई है। अग्नि बेसरा रांची में रहकर एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। सभी जमशेदपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जमशेदपुर से आ रही स्कॉर्पियो ने रामलखन सिंह कॉलेज के पास खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव का काम शुरू किया और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा गया। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है।

भाजपा नेता बास्को बेसरा ने बताया कि पुत्र अग्नि बेसरा रांची एक्सआइएसएस जेवियर कॉलेज रांची में एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से शिरकत कर अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया लौट रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में बड़े पुत्र समेत दो दोस्तों की मौत हो गयी। उल्लेखनीय है कि 04 अगस्त 2023 को चांडिल के कांदरबेड़ा के पास सड़क हादसे में बास्को बेसरा के छोटे पुत्र अनमोल बेसरा एवं उसकी साथी अनन्या वर्मा की मौत हो गयी थी।








## वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि का निधन, शोक की लहर


फाइल फोटो।

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी के वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरि (58 वर्ष) का मंगलवार को रांची के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। सोमवार तड़के खलारी पत्रकार कॉलोनी स्थित उनके आवास पर ब्रेन स्ट्रोक के बाद गंभीर स्थिति में इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। वेंटिलेटर से हटते ही चिकित्सकों ने उन्हें शाम 4:05 बजे मृत घोषित कर दिया। वे पिछले पांच साल से बीमार थे। दोनों किडनी फेलियर होने के कारण सप्ताह में तीन दिन डायलिसिस हो रहा था। उन्होंने वर्ष 1988 में रांची विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की पढ़ाई पूरी करने के साथ-साथ उसी वर्ष से कई अखबारों से जुड़े रहे। कोयला क्षेत्र में नक्सली और अपराधिक गतिविधियों पर उनकी मजबूत पकड़ थी और अपने पत्रकारिता के माध्यम से खलारी कोयलांचल के विकास में बड़ा योगदान दिया। खलारी को प्रखंड बनाने के लिए उन्होंने जो जन आंदोलन खड़ा कराया इसके लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी उनकी प्रशंसा की थी। वे अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्र छोड़ गये हैं। उनके निधन की खबर सुनकर पूरे कोयला क्षेत्र में शोक की लहर है। विभिन्न राजनीतिक दलों, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। **आज दामोदर नद घाट डकरा में होगा अंतिम संस्कार :** बुधवार सुबह दस बजे तक अंतिम दर्शन के बाद डकरा दामोदर नद घाट पर मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### गणिनाथ गोविंद ट्रस्ट में होली मिलन समारोह सह बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। गणिनाथ गोविंद ट्रस्ट, बिजुलिया रोड, रातू, रांची में होली मिलन समारोह सह बैठक का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मंदिर के हॉल में मुख्य संरक्षक निपुण मृणाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामना दी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाबा गणिनाथ जयंती के एक सप्ताह पहले अगस्त 2025 में पंडित जी से तारीख निकलवाकर सभी देवी / देवताओं का प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा। इसके अलावा, अगली बैठक होली के बाद 23 मार्च को मंदिर के हॉल में किया जायेगा। इस बैठक में गणिनाथ गोविंद ट्रस्ट के पदाधिकारियों का चुनाव और कमेटी का गठन किया जायेगा। कमेटी के गठन का कार्यकाल 3 वर्ष के लिए ही होगा, उसके बाद हर 3 वर्ष में चुनाव एवं कमेटी का पुनर्गठन किया जायेगा। बैठक में निपुण मृणाल, ज्योतिष प्रसाद, अनिल कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, प्रेम चन्द प्रसाद, अवध बिहारी प्रसाद, प्रकाश कुमार गुप्ता, इंद्रदेव साह, अशोक कुमार प्रसाद, सुनील प्रसाद, राजीव प्रसाद, अजय कुमार साव, आर्यन कुमार, संदीप कुमार गुप्ता, लाल बाबू साह, संजय साह, उन्नांचल कुमार और अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया।

### राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले में झारखंड को तृतीय पुरस्कार मिला




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद अब न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना रहे हैं। पलाश ब्रांड, जिसे वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा लांच किया गया था, आज अपनी गुणवत्ता और विशिष्टता के बल पर राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय मंच पर भी सराहना प्राप्त कर रहा है। यह झारखंड की ग्रामीण महिलाओं की कड़ी मेहनत और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले, नोएडा में, सिमडेगा जिले की सखी मंडल की दीदियों द्वारा बनाये गये पलाश ब्रांड के प्राकृतिक उत्पादों को ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। विशेष रूप से, कोलेबिरा प्रखंड के मां बाघचंडी आजीविका स्वयं सहायता समूह की ब्रिजिट कंडुलना दीदी द्वारा निर्मित रागी से बने उत्पाद, जैसे लड्डू, मिक्सचर, पापड़, तिल लड्डू आदि, नेचुरल फूड सेक्शन में आकर्षण का केंद्र रहा।

### हिंदी भाषा के माध्यम से संपूर्ण विश्व में भारत की संस्कृति को ले जाना है : डॉ विपिन कुमार



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के द्वारा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय क्षितिज हिंदी की दशा एवं दिशा विषय पर विमर्श का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी के संयोजन में हुआ। विषय प्रवेश डॉ ओम प्रकाश ने कराया। मुख्य वक्ता विश्व हिंदी परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विपिन कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है और संविधानिक रूप में इसे राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए अब तक 12 विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित हो चुके हैं। वाइबीएन विश्वविद्यालय रांची के अध्यक्ष डॉ राम जी यादव विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय ने किया। विमर्श में शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ सपना त्रिपाठी, डॉ अंजू शर्मा (एकेडमिक इंचार्ज, सहायक प्राध्यापक संध्या लकड़ा, मीरा कुमारी, प्रदीप सिंह, अनुपम मिंज, डॉ अभिषेक नाग, अजय गोस्वामी, रौशन बेगम उपस्थित रहे।

### नायक (घासी) समिति का होली मिलन समारोह



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को तुपुदाना डुंगरी रिंग रोड में नायक युवा कल्याण समिति के संरक्षक राजू नायक के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिति पद्मश्री महावीर नायक, बिशिट अतिथि महावीर राम, संदीप टाइगर सहित अन्य लोगों ने एक दूसरे को रंग, अबीर लगाया साथ ही होली गीत पर जमकर थिरके। नायक युवा कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि होली आपस में प्रेम बांटने का पर्व है। इस मिलन समारोह में कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक, कोषाध्यक्ष संजय नायक, संरक्षक विजय नायक, अनेश नायक, सुनील नायक, पिंटू नायक, सुरेंद्र नायक, अजय नायक, सूरज नायक, सन्नी नायक, चंदन नायक, विजय नायक, सकलू नायक, सचिन नायक, दीपक, चंदन, विजय, राजू नायक, निखिल नायक, अजय, रोशन, विशाल रितिक, ज्योतिष नायक समेत अन्य उपस्थित हुए।

### सत्येंद्र नाथ तिवारी के आरोप पर बिफरे सत्ता पक्ष के सदस्य

# बगैर ठोस तथ्य के आरोप लगाना गलत : राधाकृष्ण

**भाजपा के सदस्यों ने वॉकआउट किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र में मंगलवार को राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग के अनुदान मांग के कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार विपक्ष के निशाने पर आ गये। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के इस आरोप पर कि पथ निर्माण विभाग आज कमाऊ डिपार्टमेंट हो गया है। निविदा का आमंत्रण इसलिए किया जाता है, ताकि अधिक से अधिक निविदादाता आये। ताकि प्रतिस्पर्धा हो। कम रेट पर कोई सरकारी काम करने को तैयार हो। लेकिन इस डिपार्टमेंट में पिछले पांच वर्षों से लूट खसोट और घोटाला हो रहा है। राजनीतिक व्यक्ति के संरक्षण में विभाग के सचिव सुनील कुमार टेंडर डालनेवालों को धमकाते हैं। ताकि तीन-चार लोग या कंपनी ही टेंडर डाल सकें। फिर माइनर त्रुटि के आधार पर टेंडर रद्द भी कर दिया जाता है। ऊंची दरों पर टेंडर फाइनल किया जाता है ताकि 20 प्रतिशत कमीशन लिया जा सके। तिवारी के इतना कहते ही सत्ता पक्ष के सदस्य उखड़ गये। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में इतनी अच्छी सड़कें बनी हैं पर ये जानबूझ कर सवाल उठाते हैं। उसके बाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर भी खड़े हो गये। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि निर्माण प्रक्रिया में त्रुटि हो, लेकिन जो अधिकारी सदन में नहीं है, अपना पक्ष नहीं रह सकता, उसके विरुद्ध बगैर ठोस तथ्य के इस तरह का आरोप लगाना उचित नहीं है। सत्ता पक्ष की ओर से इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सत्येंद्र तिवारी सड़क छाप भाषा बोल रहे हैं। वे सबूत दें। कुमार जयमंगल भी पथ निर्माण विभाग और उसके सचिव के पक्ष में खड़े हो गये। बाद में राधाकृष्ण किशोर ने यह भी कहा कि आपत्ति इस बात पर भी है कि सेक्रेट्री को टेंडर कमेटी से कोई लेना-देना नहीं होता। संजय प्रसाद यादव ने कहा कि 17 साल तक बीजेपी ने यहां राज किया। भ्रष्टाचार को बढ़ाया। आज आरइओ में 20-30 फीसदी कम रेट पर टेंडर हो रहा है। अनंत प्रताप देव ने भी चुटकी ली कि सत्येंद्र नाथ तिवारी विधायक बनने से पहले रोड के ही ठेकेदार थे। इसी बीच भाजपा विधायक नवीन जयसवाल ने यह कह कर ट्विस्ट दे दिया कि गरीबों, निर्दोषों और हत्या के विषय को लेकर जब विपक्ष वेल में आता है तो ये विचलित नहीं होते। आज एक अधिकारी के सवाल पर विचलित हो उठे।

### ट्रेजरी बेंच को अफसर दूध के धुले हुए लगते हैं : बाबूलाल

इसी बीच प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी भी उठ खड़े हुए। उन्होंने कहा कि ट्रेजरी बेंच को अफसर दूध के धुले हुए लगते हैं, लेकिन राज्य सरकार को अच्छे से जानकारी है कि रोड सेक्रेट्री कभी हजारीबाग डीसी थे। उन्होंने एनटीपीसी अधिकारी के साथ मारपीट की थी। एनआरएचसी ने इस अधिकारी पर 25000 रुपये का जुर्माना लगाया है। सरकार को बताना चाहिए कि इस अधिकारी ने जुर्माने की राशि जमा की कि नहीं। इस बहस के बाद सदन में हंगामा हो गया। अध्यक्ष ने सदस्यों से बहस जारी रखने की अपील कर-के शांति बहाल करने की कोशिश की, लेकिन भाजपा के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

# सीएसआइआर-सीसीएमबी और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड में सिकल सेल एनीमिया की पहचान और रोकथाम को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीएसआइआर-सीसीएमबी और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। मंगलवार को इस पहल के तहत झारखंड के कोल्हान क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सिकल सेल एनीमिया की जांच सुनिश्चित की जायेगी। इस परियोजना में पूर्वी सिंहभूम के खासमहल सदर अस्पताल में अत्याधुनिक सिकल सेल परीक्षण हब की स्थापना होगी। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में 40 वर्ष से कम उम्र के लोगों की बड़े पैमाने पर जांच की जा सकेगी। आइसीएमआर अनुमोदित ड्रायड ब्लड स्पॉट-पॉलीमरेज चेन रिएक्शन विधि के माध्यम से जांच होगी। एएनएम, आशा कार्यकर्ता और टाटा स्टील फाउंडेशन के मानसी कार्यकर्ताओं द्वारा समुदाय स्तर पर नमूना संग्रह किया जायेगा। इस मौके पर टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने कहा यह पहल झारखंड के ग्रामीण और वंचित समुदायों तक सिकल सेल एनीमिया के समाधान पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। झारखंड उन 17 चयनित राज्यों में से एक है। जहां इस मिशन को प्राथमिकता दी गयी है। हस्ताक्षर समारोह में झारखंड सरकार स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम के मिशन निदेशक अबू इमरान, सीएसआइआर-सीसीएमबी के डॉ गिरीराज रतन चंदक, टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी और टाटा स्टील फाउंडेशन के सीइओ सौरव रॉय समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधानसभा में गूंजा अमन साव के एनकाउंटर का मामला

# सरयू राय ने सरकार से मांगी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को सदन की कार्यवाही के 11 वें दिन गैंगस्टर अमन साव के एनकाउंटर का मामला उठा है। जदयू विधायक सरयू राय ने इस मामले पर सरकार से सपष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि कैसे उसका एनकाउंटर हुआ है, इसकी पूरी डिटेल्स जानकारी सदन में रखनी चाहिए। वहीं, मंत्री ने कहा कानून व्यवस्था से ऊपर उठने वालों को हमारी पुलिस सख्ती से निपटेगी। सोमवार को पलामू में गैंगेस्टर अमन साव पुलिस एनकाउंटर में ढेर हो गया।

**सरकार को स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए: सरयू राय** सदन में जमशेदपुर पश्चिमी से विधायक सरयू राय ने कहा कि मंगलवार को सभी मीडिया चैनलों में प्रमुखता से खबर आयी कि अपराधी अमन साव को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। सरकार को इस पूरी घटना पर स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। वहीं, इस मामले पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि झारखंड में कानून का राज है। पुलिस अपने तरीके से लड़ रही है। आत्मरक्षा में गोली चलाना गलत नहीं है। जो कानून व्यवस्था से बड़े बनेंगे, उसे हमारी पुलिस और सरकार सख्ती से निपटेगी।

**रांची और हजारीबाग में गोलीकांड में आया था अमन साव का नाम :** अमन साव का नाम रांची के कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा और हजारीबाग एनटीपीसी के अधिकारी कुमार गौरव पर हुई गोलीबारी से जुड़ रहा था। इसी सिलसिले में पूछताछ के लिए पुलिस के जवान रायपुर से रांची ला रहे थे। इस दौरान अपराधी अमन साव पुलिस के जवानों से हथियार छीनकर भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस के जवानों ने गोली चली दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। सोमवार को ही सदन में रांची विधायक सीपी सिंह ने झारखंड डीजीपी की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिये थे।

### झारखंड का मॉडल योगी वाला नहीं, अपना है : हेमलाल



रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो के वरिष्ठ विधायक हेमलाल मुर्मू ने भी गैंगस्टर अमन साव के मुठभेड़ में मारे जाने की घटना को उचित बताया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि अमन साव कई आपराधिक घटनाओं में शामिल था। वह लॉरेंस बिश्नोई के गैंग से भी जुड़ा था। अगर हेमंत सरकार ऐसे लोगों का खात्मा कर रही है तो यह बड़ी बात है। हालांकि उन्होंने कहा कि हमारा मॉडल योगी वाला नहीं, बल्कि अपना है।

### जो जैसा करेगा, वैसा ही सलूक होना चाहिए : अमित यादव



बरकट्ठा के भाजपा विधायक अमित यादव ने भी मुठभेड़ को सही कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल सही हुआ है। जो जैसा करेगा, उसके साथ वैसा ही सलूक होना चाहिए। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर विधानसभा में सरकार की घेराबंदी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमने वाजिब सवाल उठाये थे। कुख्यात गैंगस्टर मारा गया है, तो हम झारखंड पुलिस के इस कदम की सराहना करते हैं। बड़कागांव के भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं बेतहाशा बढ़ी हैं। हमारे विधानसभा क्षेत्र में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या कर दी गयी। यह सरकार अपराध रोकने में विफल है।

### विधानसभा चुनाव लड़ने वाला था अमन साव

अमन साव झारखंड विधानसभा का चुनाव भी लड़ना चाह रहा था। उसने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पर्चा भी खरीदा था। उसने चुनाव लड़ने की अनुमति के लिए झारखंड हाइकोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दाखिल की थी। जस्टिस एसके द्विवेदी की पीठ ने चुनाव लड़ने के लिए सजा पर रोक लगाने की मांग वाली उसकी याचिका खारिज कर दी थी। पीठ ने कहा था कि अमन साव के खिलाफ 120 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पीठ ने अमन साव के अधिवक्ता की उस दलील को नहीं माना था, जिसमें ममता देवी के मामले में दिये गये आदेश को आधार बनाया गया था।

### कांग्रेस प्रभारी के झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने के बयान पर भाजपा ने प्रभारी को घेरा

# कौन-कौन भाजपा के स्लीपर सेल हैं, कांग्रेस प्रभारी स्पष्ट करें : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू के द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार दिये जा रहे हैं बयान पर उनको घेरा है। ज्ञातव्य है कि प्रभारी के राजू लगातार झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के इस बयान ने पूरी की पूरी झारखंड कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही एक दूसरे को शंका की दृष्टि से देख रहे हैं। प्रदेश प्रभारी को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर भाजपा का स्लीपर सेल कांग्रेस में कौन है? क्या वह प्रदेश अध्यक्ष हैं या मंत्रियों में कोई है या विधायकों में कोई है? प्रदेश पदाधिकारी में कोई है या फिर दूसरे नेता हैं? प्रतुल ने कहा ऐसा बयान देकर प्रदेश प्रभारी ने दशकों से निष्ठा से कांग्रेस का झंडा उठा रहे हजारों कांग्रेसियों के निष्ठा पर ही प्रश्न चिह्न खड़ा कर दिया है। प्रतुल ने कहा कि अफसोस कांग्रेस का कोई एक नेता भी प्रभारी के इस बयान का विरोध नहीं कर रहा है। किसी समय कांग्रेस में आंतरिक प्रजातंत्र जीवित हुआ करता था। लेकिन अब तो अपने बड़े नेताओं के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ता गलत बात का विरोध भी नहीं करते हैं।

प्रतुल ने कहा कि दरअसल कांग्रेस प्रभारी कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी का अनुसरण कर रहे हैं। राहुल गांधी ने गुजरात कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कही थी। इसका गुजरात के कांग्रेस के कुछ नेताओं ने जबरदस्त विरोध किया था। गुजरात में 3 दशकों से सत्ता से बाहर कांग्रेस अब अपने कार्यकर्ताओं को ही इसका जिम्मेदार बता रही है। प्रतुल ने कहा कि इस पूरे मुद्दे का आश्चर्यजनक पहलू है कि कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा का सहारा लेकर दो बार झारखंड में चुनावी बैतरणी पार कर चुकी है। फिर भी कांग्रेस के प्रभारी को कांग्रेस में भाजपा का स्लीपर सेल दिख रहा है। प्रतुल ने कहा अगर प्रभारी स्लीपर सेलों की लिस्ट सार्वजनिक नहीं करेंगे तो पूरी की पूरी प्रदेश कांग्रेस पर ही सवालिया निशान हमेशा के लिए खड़ा रह जायेगा।

### अवैध शराब ठिकानों पर छापेमारी, तीन गिरफ्तार

रामगढ़। रामगढ़ में होली पर्व के मद्देनजर डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी ने अवैध शराब ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी में उत्पाद बल और सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से रामगढ़ थाना अंतर्गत कैथा, हुहुवा, बाजार समिति, गोलपार सहित अन्य जगहों में सघन और व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया।

### झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा

# मिलन समारोह में कई महिलाओं ने कांग्रेस का दामन थामा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन, रांची में बैठक सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिम्स के डॉक्टर्स किरण त्रिवेदी, डॉ पुष्पांजलि, डॉ सुषमा, डॉ अनुपा एवं हाइकोर्ट के अधिवक्ता मनीषा, आदिविता आर्या समेत अन्य को सम्मानित किया गया। इसके बाद मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें रांची से सीमा श्रीवास्तव, खूंटी से जसीता बारला, पलामू से रेखा सिंह, पाकुड़ से शहनाज खातून ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। बैठक के दौरान, महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा हुई और इसके लागू करने की मांग की गयी। गुंजन सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू करने और उसमें ओबीसी कोटे की महिलाओं को शामिल करने की मांग को लेकर मार्च के अंतिम सप्ताह में राजभवन घेराव कार्यक्रम किया जायेगा। इसके अलावा, बैठक में प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के गठन और सदस्यता अभियान पर भी चर्चा हुई। गुंजन सिंह ने कहा कि जिला कमेटी को 100 और प्रखंड कमेटी को 50 मेंबरशिप करना अनिवार्य है तभी कमेटी में जगह मिल पायेगी। बैठक के अंत में, प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने उपस्थित सभी महिला कांग्रेस पदाधिकारियों को लाल गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर कंचन चौधरी, पुनीता चौधरी, पिंकी सिंह, संगीता टोप्पो, नीलम सहाय, पार्वती सिंह, सीमा साहू, शहनाज खातून, शिल्पी चक्रवर्ती, सीमा मोहंती, नमिता सिंह, मीनू सिंह, अनीता सिन्हा, राम दुलारी देवी, क्रिस्टीना बारला, मेरी तिर्की, वर्षा, रेखा सिंह, सीता राणा, मंजू जोशी, बेबी देवी, प्रमिला देवी, अनमोल कुमारी, रिंकू प्रिया आदि शामिल थीं।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 52 Date 07.03.2025, I, Dhanu Kumar s/o Nand Kishore Mishra and Rani Devi (mother), R/o Near Punjab National Bank, Jorar Namkum, VTC Namkum, P.O.-Namkum, P.S.-Namkum, Dist.Ranchi, Jharkhand, Pin-834010, Aadhar No.-9852 4491 5633, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am Indian Citizen.
2. That in my Matriculation Certificate my name is written as Dhanu Kumar which is correct.
3. That in Aadhar Card my name is wrongly written as Atul Kumar instead of Dhanu Kumar.
4.That I want to change name in Aadhar Card as Atul Kumar to Dhanu Kumar.
5. That this affidavit is solicited for the purpose of change in my Aadhar Card as Atul Kumar to Dhanu Kumar. Hence this affidavit.
Sworn and Signed this affidavit at Ranchi on 7th March, 2025.

**पूर्व तट रेलवे**

फाइल सं. DRM/Engg/KUR/24-25/ E-Tender/115, दिनांक : 05.03.2025

(1) निविदा सं. e-tenderNorthKUR-336-2024, दिनांक : 28.02.2025

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के भद्रक-खोरधा रोड सेक्शन में जेनापुर (JEN) स्टेशन पर अतिरिक्त लूप का प्रावधान।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 444.49 लाख, EMD : ₹ 3,72,300/-

(2) निविदा सं. e-tendersouthkur-335-2024, दिनांक : 24.02.2025

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के सहायक मण्डल अभियन्ता/बालुगाँव के अधीकार क्षेत्र के अधीन बालुगाँव-गंजाम सेक्शन में ऑटो (Auto) सेक्शन से संबंधित 16 संख्यक गुमटी (ऑटो कम गेट गुमटी) का प्रावधान।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 701.10 लाख, EMD : ₹ 5,00,600/-

पूरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने (क्रम सं. 1 हेतु) एवं 10 (दस) महीने (क्रम सं. 2 हेतु)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 21.03.2025 को 1500 बजे (दोनों निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), खोरधा रोड
PR-1064/P/24-25

# लोकतंत्र को वक्त मिलना चाहिए

पड़ोसी देश नेपाल क्या एक बार फिर किसी बड़ी उथल-पुथल से गुजरने वाला है? यह सवाल इसलिए उठा, क्योंकि रविवार को काठमांडू में नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के पक्ष में बड़ा प्रदर्शन हुआ। न केवल पूर्व राजा के स्वागत में एयरपोर्ट पर हजारों की भीड़ उमड़ी, बल्कि राजशाही की वापसी के नारे भी लगाये गये। इसे राजा समर्थकों के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

**पहले से थी तैयारी :** खास बात यह कि इस प्रदर्शन को पूरी तरह आकस्मिक या स्वतःस्फूर्त नहीं माना जा सकता। पिछले करीब दो महीने से इसकी तैयारी की जा रही थी। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र इस दौरान राजधानी काठमांडू से दूर नेपाल के अलग-अलग हिस्सों में दर्जनों मंदिरों में गये। राजनीतिक हलकों में इसे देश के दूर-दराज के इलाकों में अपनी लोकप्रियता जांचने की उनकी मुहिम के रूप में देखा जा रहा था।

**ओली के खिलाफ नारे :** काठमांडू में हुए इस प्रदर्शन में लगाये जाने वाले नारे ज्यादातर तो राजा और राजशाही के समर्थन तक ही सीमित रहे, लेकिन एकाध मामलों में मौजूदा पीएम केपी ओली के खिलाफ भी नारे सुने गये। ओली पूर्व नरेश को सार्वजनिक रूप से यह चुनौती दे चुके हैं कि अगर वे सत्ता में लौटने के इतने ही इच्छुक हैं, तो अपनी एक राजनीतिक पार्टी बनाकर चुनाव लड़ लें।

**रविवार को काठमांडू में पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के पक्ष में बड़ा प्रदर्शन हुआ। समर्थन में हजारों की भीड़ उमड़ी और राजशाही वापसी के नारे लगे। इस प्रदर्शन को राजनीतिक अस्थिरता और नेपाल में लोकतंत्र की चेतना पर एक संभावित खतरे के रूप में देखा जा रहा है।**

**निशाने पर लोकतंत्र :** असल में प्रदर्शन का मकसद अपने पूर्व राजा के प्रति सम्मान प्रदर्शित करना भर नहीं लगता। 2006 में हुए ऐसे ही प्रदर्शनों के बाद नेपाल के तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र को सत्ता छोड़नी पड़ी थी। इसके दो साल बाद 2008 में नेपाल धर्मनिरपेक्ष गणराज्य घोषित किया गया। ऐसे में अगर राजशाही की वापसी और हिंदुत्व को राजधर्म घोषित करने की मांग सड़कों पर हो रही है, तो साफ है कि यह टकराव आगे चलकर गंभीर रूप ले सकता है।

**राजनीतिक अस्थिरता :** इसमें दो राय नहीं कि 2008 में गणराज्य घोषित होने के बाद से लोकतंत्र की राह पर नेपाल की यात्रा बाधाओं से भरी रही है। राजनीतिक स्थिरता नहीं कायम की जा सकी। 17 वर्षों की इस अवधि में वहां 13 सरकारें बन चुकी हैं, लेकिन किसी भी देश में लोकतांत्रिक चेतना विकसित होने में वक्त लगता है। सत्ता के लिए राजनीतिक दलों का आपस में झगड़ना किसी भी लोकतंत्र के लिए स्वाभाविक बात है। इसका मतलब यह नहीं माना जा सकता कि लोकतंत्र के अपहरण की स्थिति बनने पर भी वे एक नहीं होंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**...संचार और सूचना क्रांति और तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, लेकिन उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने या प्रतिक्रिया में सौदा-सुलफ मुहैया कराने वालों की तादाद बढ़ी है। हिंदी या कोई अन्य भाषी वैसे भी तमिल संस्कृति को इसलिए बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा दुनिया की पुरानी संस्कृतियों में से एक है और उसकी जड़ें बहुत गहरी हैं।**

# वर्चस्व पर संकट का कवच बनती हिंदी विरोध की राजनीति

**उमेश प्रसाद सिंह**



**हिंदी** को लेकर तमिलनाडु की राजनीति का आक्रामक होना कोई नयी बात नहीं है। हिंदी के विरोध में जिस तरह स्टालिन ने रोजाना आधार पर मोर्चा खोल रखा है, वह 1965 के हिंदी विरोधी आंदोलन की याद दिला रहा है। संवैधानिक प्रावधानों की वजह से 26 जनवरी 1965 को हिंदी को राजभाषा के तौर पर जिम्मेदारी संभालनी थी, जिसके विरोध में सीए अन्नादुरै की अगुआई में पूरी द्रविड़ राजनीति उतर आयी थी। तब हिंदी विरोध के मूल केंद्र में तमिल उप-राष्ट्रीयता थी। उसके लिए तब यह साबित करना आसान था कि उस पर हिंदी थोपी जा रही है। तब आज की तरह सूचना और संचार की सहूलियतें नहीं थीं। तब दक्षिण और उत्तर के बीच आज की तरह सहज संचार नहीं था। तब आज की तरह मीडिया का इंटरनेटी वितान नहीं था। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। लिहाजा इस संदर्भ में स्टालिन के मौजूदा हिंदी विरोध की तह में जाना जरूरी हो जाता है।

चाहे तमिलनाडु का निवासी हो या फिर उत्तर भारत के किसी हिंदीभाषी इलाके का, उसके हाथ में अगर फोन है, उसमें अगर इंटरनेट का कनेक्शन है, तो तय है कि उसकी उंगलियों के नियंत्रण में हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, दुनिया भर की भाषाएं हैं। इसलिए कम से कम सूचना और संचार के ऐसे माध्यमों पर किसी सरकार की वजह से भाषायी बंधन आज के दौर में हो भी नहीं सकता। इंटरनेट क्रांति के पहले भाषाओं के विस्तार में बाजार ने जो भूमिका निभायी, उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। आज का बाजार वर्ल्ड वाइड वेब यानी डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू के पंखों के सहारे कहीं और तेजी से फैल तो रहा ही है, फल-फूल भी रहा है। इसलिए हिंदी ही नहीं, किसी भी भाषा का विरोध अब दुनिया के किसी भी कोने में पूरी तरह न तो सफल हो सकता है और कोई दीवार उसे रोक सकती है। बेशक तमिलनाडु भाषायी स्तर पर अपनी अलग पहचान रखता है, लेकिन वह भी हमारे देश का हिस्सा है। मौजूदा स्थिति में तेजी से विकसित होता राज्य है और उसे अपने उत्पादन केंद्रों के लिए कामगारों की जरूरत है, जिसकी आपूर्ति उत्तर भारत के ही राज्य करते हैं। उसके निजी शैक्षिक केंद्रों के लिए विद्यार्थियों की भी जरूरत है। उत्तर भारत की जो शैक्षिक स्थिति है, उसकी असलियत सबको पता है। इस वजह से उत्तर भारतीय छात्रों की आवक भी तमिलनाडु में खूब है। ऐसे माहौल में वैसे तो हिंदी विरोध के औचित्य पर ही सवाल है, फिर भी स्टालिन विरोध कर रहे हैं, तो उसके अपने कारण हैं।

**तमिल उपराष्ट्रीयता होना बुरी बात नहीं है, लेकिन वह राष्ट्रीयता पर हावी नहीं होनी चाहिए।**

संचार और सूचना क्रांति और तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, लेकिन उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने या प्रतिक्रिया में सौदा-सुलफ मुहैया कराने वालों की तादाद बढ़ी है। हिंदी या कोई अन्य भाषी वैसे भी तमिल संस्कृति को इसलिए बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा दुनिया की पुरानी संस्कृतियों में से एक है और उसकी जड़ें बहुत गहरी हैं। तमिल लोग अपनी संस्कृति और भाषा से नेह-छोह ही नहीं रखते, उसका शिद्दत से सम्मान भी करते हैं। फिर तमिलनाडु की ऐसी स्थिति नहीं है कि दिल्ली, जालंधर, सूरत, लुधियाना, मुंबई की तरह तमिलनाडु के शहरों में हिंदीभाषियों की बाढ़ आ जायेगी। वैसे एकबारगी मान लें कि जिन जगहों का जिक्र हुआ है, वहां हिंदीभाषियों की बाढ़ होने के बावजूद क्या वहां की स्थानीय संस्कृति और भाषाओं पर संकट आया। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। दरअसल होता यह है कि बाहर से आया व्यक्ति स्थानीय संस्कृति और समाज के लिहाज से वहां व्यवहृत भाषा को अपने सामाजिक और सार्वजनिक कामकाज की भाषा बनाता है। वह अपनी बोली-बानी को अपने सीमित समाज और परिवार में इस्तेमाल तो करता है, लेकिन उसकी सार्वजनिक संपर्क भाषा वहां की स्थानीय भाषा ही होती है। पता नहीं, इन तथ्यों को स्टालिन समझते हैं या नहीं, लेकिन वे बार-बार हिंदी पर आरोप लगाते रहते हैं कि वह तमिल संस्कृति को नुकसान पहुंचायेगी।

असल बात यह है कि तमिलनाडु की राजनीति में पिछली सदी के साठ के दशक से ही स्थानीय द्रविड़ राजनीति का वर्चस्व बना हुआ है। कभी डीएमके तो कभी एआइडीएमके जैसी स्थानीय पार्टियां ही सत्ता की मलाई खाती रही हैं। सही मायने में देखें, तो ये महज स्थानीय पार्टियां ही नहीं हैं, बल्कि अपने-अपने हिसाब से तमिल उपराष्ट्रीयता का ही प्रतिनिधित्व करती हैं। तमिल उपराष्ट्रीयता होना बुरी बात नहीं है, लेकिन वह राष्ट्रीयता पर हावी नहीं होनी चाहिए। लेकिन यह कड़वा सच है कि तमिल उपराष्ट्रीयता राष्ट्रीय मूल्यों पर हावी रहती रही है। तमिल उपराष्ट्रीयता के ही जरिये द्रविड़ राजनीति तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज रही है। लेकिन संचार और सूचना क्रांति के दौर में अब तमिल उपराष्ट्रीयता वाली सोच को लगने लगा है कि अगर हिंदी आयी, तो उसके जरिये राष्ट्रीयता की विचारधारा मजबूत होगी, जिसका असर स्थानीय राजनीति पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। हिंदी या किसी भी सामान्य संपर्क भाषा के ज्यादा प्रचलन से कट्टरतावदी स्थानीय सोच को चोट पहुंचेगी और इसके साथ ही तमिल माटी में राष्ट्रीय राजनीति की जगह मजबूत होगी, जिसका आखिर में नतीजा हो सकता है कि द्रविड़ राजनीति की विदाई। कह सकते हैं कि स्टालिन को यही डर सताने लगा है। उन्हें लगता है कि अगर उन्होंने त्रिभाषा फॉर्मूला स्वीकार कर लिया, नयी शिक्षा नीति को राज्य में लागू होने दिया, तो जिस स्थानीयता केंद्रित भावना प्रधान राजनीति वह या उनके साथी स्थानीय दल करते हैं, उसका प्रभाव छीजने लगेगा। इससे स्थानीय राजनीति में उनका वर्चस्व कमजोर होगा और हो सकता है कि एक दौर ऐसा आये कि दूसरे राज्यों की तरह यहां भी राष्ट्रीय राजनीति हावी हो जाये। 1967 के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद से कांग्रेस यहां की केंद्रीय राजनीति से बाहर है। तब से वह कभी डीएमके, तो कभी एआइडीएमके की पिछलग्गू बनी रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति भारतीय जनता पार्टी की भी रही है। 2024 के आम चुनावों को छोड़ दें, तो बीजेपी को भी इन्हीं दलों की बैसाखी की आस रही है। हालांकि हाल के दिनों में पूर्व अधिकारी अन्नामलाइ के जरिये बीजेपी राज्य में ताल ठोक रही है। अन्नामलाइ को तमिलनाडु का खुला आसमान देने के लिए बीजेपी वहां के अपने पुराने नेताओं सीपी राधाकृष्णन और एल गणेशन को राजभवन भेज चुकी है।

तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं। स्टालिन को इस बार लग रहा है कि बीजेपी के जरिये इस बार राष्ट्रीय राजनीति राज्य में अपनी ताकतवर पहुंच बना सकती है। अगर ऐसा होता है, तो निश्चित है कि द्रविड़ राजनीति के वर्चस्व को निर्णायक चुनौती मिलेगी। यही डर उन्हें हिंदी विरोध की ताजा आंच को जलाने के लिए मजबूर कर रहा है। हिंदीभाषी समाज, उत्तर भारतीय और राष्ट्रीय पहुंच वाली राजनीति को इस नजरिये को भी ध्यान रखना होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## सिंहभूम चैंबर का होली मिलन 16 मार्च को

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सदस्यों और उनके परिवारों के साथ आगामी 16 मार्च को बिस्टुपुर नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन करेगी।मंगलवार को इसकी जानकारी चैम्बर के महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया बीते कई वर्षों से सदस्यों की बढ़ती संख्या व सहभागिता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष बड़े पैमाने में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी एवं सचिव सुरेश शर्मा लिपु ने बताया इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई है । लोग उत्सव का भरपूर आनंद उठा सकेंगे।

### संजीव सरदार ने विधानसभा में उठाया समान काम समान वेतन का मुद्दा

## गृहरक्षकों की मेहनत नजरअंदाज नहीं किया जा सकता: संजीव सरदार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार ने झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में राज्य के गृहरक्षकों के लिए जिला पुलिस के समान वेतन और सुविधाएं प्रदान करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि गृह रक्षक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उन्हें अभी तक पुलिस कर्मियों के समान वेतन और सुविधाएं नहीं मिली। विधायक श्री सरदार ने उल्लेख किया सर्वोच्च न्यायालय ने गृह रक्षकों को जिला पुलिस के समान वेतन और अन्य लाभ देने का आदेश दिया था, लेकिन अब तक इस पर पूर्ण रूप से अमल नहीं हुआ। उन्होंने सरकार से इस आदेश को शीघ्र लागू करने के लिए आग्रह किया, ताकि गृह रक्षक भी सम्मानजनक जीवन जिए और राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत बना सकें।पोटका विधायक द्वारा उठाये गए मांग पर अब लंबे समय से संघर्षरत रहे पूरे राज्य के गृहरक्षकों में आशा की नई किरण जगी है। जमशेदपुर से गृहरक्षकों ने पोटका विधायक संजीव सरदार के प्रति आभार जताया।



## `बैंक कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन




जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर बिस्टुपुर बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप तीसरे चरण के प्रदर्शन का सफल आयोजन किया गया। मंगलवार को प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान सभी ने अपनी जायज मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। मौके पर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस जमशेदपुर के शीर्ष नेता कामरेड मनोज कुमार,अमित कुमार, सुजय राय, रामजी प्रसाद, सपन अदक, गौतम घोष और आनंद वर्मा ने बैंक कर्मियों को संबोधित किया। सभी ने अपने मांगो पर प्रतिक्रिया देते हुए सरकार से बैंकों में पर्याप्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की नियुक्ति,आरबीआई, डीएफएस, सेबी, नाबार्ड, वित्त मंत्रालय और स्टॉक एक्सचेंज की तरह बैंकों में भी पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू,कर्मचारियों एवं अधिकारियों के प्रतिनिधियों को निदेशक मंडल में शामिल, लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण, सेवानिवृत्ति के पश्चात केंद्रीय कर्मियों की तरह ग्रेच्युटी की राशि 25 लाख की जाए,बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों के खिलाफ दुर्व्यवहार और हिंसा पर रोक लगे, पीएलआई भुगतान प्रणाली में सुधार और भेदभावपूर्ण रवैया समाप्त किया जाये। बैंकों में संविदा भर्ती की जगह स्थायी कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति,सरकारी बैंकों को मजबूती प्रदान करने की नीति की मांग की। इस अवसर पर कामरेड सपन कुमार अदक और दिव्यांग्सु ने जोशीली नारेबाजी से साथियों का उत्साहवर्धन किया।वही संयोजक कामरेड रींटु रजक ने प्रदर्शन में भाग लेने वाले सभी साथियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने आगामी 21 मार्च को संध्या 5:15 बजे बिष्टुपुर पोस्टल पार्क से निकलने वाली रैली में शामिल होने का आह्वान किया।

## आदित्यपुर में रवि राम उर्फ छोटू समेत 8 अपराधी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने अपराध की योजना बनाते कुख्यात अपराधकर्मी रवि राम उर्फ छोटू को उसके सात सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने अपराधकर्मी के पास से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस,एक स्कॉर्पियो, एक बुलेट और सात मोबाइल फोन बरामद किया। गिरफ्तार अपराधियों में रवि राम उर्फ छोटू,गोलू गुप्ता,सुमित गोप, अंगद प्रमाणिक,रोहित महतो,सूरज महतो,अनीश कुमार शर्मा,राजू कुमार वर्मा शामिल है। मंगलवार को अभियान की सफलता पर एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रिपल मर्डर केस में जेल से जमानत पर छूटे अपराधकर्मी छोटू राम अपने गुर्गों के साथ आदित्यपुर थाना अंतर्गत धीराजगंज इलाके में अपराध की योजना बना रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी अपराधियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में रवि राम उर्फ छोटू राम, गोलू गुप्ता, अंगद प्रमाणिक, सूरज महतो और राजू कुमार वर्मा का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस को संदेह है यह गिरोह कई संगीन मामलों में संलिप्त है। आगे भी सभी के आपराधिक नेटवर्क की जांच की जायेगी।

## विधायक प्रतिनिधियों ने उप नगर आयुक्त के साथ की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पश्चिम के विधायक सरयू राय द्वारा मनोनीत प्रतिनिधियों ने नगर निगम के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार के साथ बैठक की। मंगलवार को बैठक के दौरान साफ-सफाई, कचरा उठाव, स्ट्रीट लाइट सुधार और फॉगिंग जैसी जनहित से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की। मौके पर उपनगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि कचरा उठाव के लिए गाड़ियों की संख्या 19 से बढ़ाकर 36 की जायेगी। सफाई कर्मियों की संख्या और कार्य अवधि बढ़ाई जायेगी। फॉगिंग मशीनें 3 से बढ़ाकर 5 की जायेंगी। स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइट मरम्मत के लिए 5 टीमों का गठन होगा। लंबित योजनाओं को एक सप्ताह में क्रियान्वित किया जायेगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि पप्पू सिंह, संतोष भगत, पिंटू सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## विधायक के प्रयास से बिरसानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का होगा विस्तार



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। विधायक पूर्णिमा साहू ने बीते 6 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या के मद्देनजर सीएचसी में 247 प्रसव सुविधा, अतिरिक्त वार्ड, वेटिंग एरिया, नर्सिंग स्टेशन, मेडिसिन स्टोर, सीढ़ी एवं रैंप जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की मांग की थी। विधायक के मांग पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने 81 लाख 32 हजार 380 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की, जिसमें 40 लाख आवंटित किए गए हैं। स्वीकृति के बाद स्वास्थ्य केंद्र में पुरुष एवं महिला वार्ड, वेटिंग एरिया, प्रसव कक्ष, नर्सिंग स्टेशन, मेडिसिन स्टोर और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण किया जायेगा, जिससे क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। विधायक पूर्णिमा साहू ने स्वास्थ्य मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी।

## मंगल कालिंदी ने सरकार से बामनी कोल्ड स्टोरेज चालू कराने की मांग की



जमशेदपुर। झारखंड विधानसभा बजट सत्र के शून्यकाल में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने पटमदा एवं बोड़ाम क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को उठाते हुए बामनी कोल्ड स्टोरेज को शीघ्र चालू करने की मांग की। विधायक ने कहा कि पटमदा अंचल कृषि प्रधान क्षेत्र है। किसानों की उपज के लिए सुरक्षित भंडारण नही है। सरकार बामनी गांव में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराया था। 2024 में इसका उद्घाटन भी किया गया, लेकिन अब तक इसे चालू नहीं किया गया। संवेदक को जिम्मेदारी सौंपे जाने के बावजूद किसानों की फसल व सब्जियों का भंडारण शुरू नहीं किया गया, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रही है। विधायक मंगल कालिंदी ने सदन के माध्यम में सरकार से कोल्ड स्टोरेज को अविलंब चालू करने का आग्रह किया। ताकि किसानों को इसका लाभ सुनिश्चित हो सके।

## परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत, दो अन्य घायल

गिरिडीह(आजाद सिपाही)।। जिले के गांवा थाना क्षेत्र के गावां-सतगावां मेन रोड पर बंगालीबाड़ा के पास मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य छात्र घायल हो गये। उक्त थाना प्रभारी ने बताया कि जोड़ासिमर निवासी रश्मि कुमारी (पिता सुरेश राय), गुलशन कुमार (पिता सीकेंद्र राम) और प्रीति कुमारी (पिता संतोष रजक) उच्च विद्यालय सेरूआ से आठवीं की बोर्ड परीक्षा देकर एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बंगालीबाड़ा के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक पर पीछे बैठी प्रीति कुमारी सड़क पर गिर गयी। तभी घटनास्थल से गुजर रही एक बस ने प्रीति को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। इस हादसे में रश्मि कुमारी और गुलशन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। रश्मि कुमारी के दायें पैर की हड्डी टूटकर बाहर निकल गयी है, जबकि गुलशन कुमार के माथे में गंभीर चोट आयी है।

## 350 किलोग्राम जावा महुआ किया गया नष्ट

मझिआंव (आजाद सिपाही) । मझिआंव थाना क्षेत्र के गहीडी खरसोता और लोहरपुरा गांवों में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व संयुक्त रूप से पुलिस द्वारा शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 350 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया, जो अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल हो रहा था। पुलिस ने स्थानीय लोगों को चेतावनी दी और उन्हें अवैध शराब व्यापार से दूर रहने की सलाह दी। छापेमारी अभियान में नसीम अंसारी, संजय मुंडा तथा कई पुलिस बल शामिल थे।

## शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति को बीडीओ राकेश ने ट्राइ साइकिल दिया



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड में शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए सरकार द्वारा जारी की गयी ट्राई साइकिल मंगलवार को एक ऐसे ही व्यक्ति, बिजरी कुमार पिता शंकर मेहता को प्रदान की गयी। सड़की गांव निवासी बिजरी कुमार, जिनकी शारीरिक स्थिति के कारण चलने में कठिनाई होती है, उन्हें कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सहाय ने ट्राई साइकिल सौंपा। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सहाय ने समाज के संपन्न और प्रबुद्ध लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास के शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों की पहचान करें और उन्हें सरकारी सहायता प्रदान कराने में मदद करें। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, कांडी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज शर्मा और अन्य स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर मंडल में भाजपा द्वारा श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी द्विवेदी ने की। इस आयोजन के माध्यम से पार्टी ने अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निर्मल विश्वकर्मा (चुनाव सह अधिकारी), रामलला दूबे, दिलीप सिंह, राहुल मेहता, दामोदर मेहता, संतोष सिंह, सुशील सिंह सहित सभी बूथ अध्यक्ष और सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तसरार में बिना यू डायस कोड और बिना मान्यता के चल रहा आइडियल पब्लिक स्कूल, बच्चों का भविष्य अंधकार में



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के तसरार गांव में सरकार के नियमों को ताक पर रखकर बिना यू डाइस कोड और बिना मान्यता के सीटायुक्त मकान में आइडियल पब्लिक स्कूल नामक विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। बिना यू डाइस कोड और बिना मान्यता के कारण करीब 200 से अधिक कक्षा एलकेजी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटकता हुआ प्रतीत हो रहा है। विद्यालय स्थल पर पहुंचकर मंगलवार को देखा गया कि पशुओं के शेड की भांति बनायी गयी आवास में जमीन पर बैठकर बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और अन ट्रेंड शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। स्कूल को लेकर तसरार पंचायत के कई ग्रामीणों ने बताया कि छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को निदेशक तोहिद अंसारी के द्वारा तरह-तरह के प्रलोभन दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि अब विद्यालय के छात्र-छात्राओं का नाम सरकारी पोर्टल यू डाइस प्लस पर ऑनलाइन दर्ज होता है। परंतु उक्त विद्यालय के यू डाइस कोड है ही नहीं तो बच्चों का नाम ऑनलाइन दर्ज कहां से होगा। ऐसे में उक्त विद्यालय बच्चों का भविष्य खराब करेगा। मामले को लेकर विद्यालय के निदेशक तौहिद अंसारी ने कहा कि हमारे विद्यालय में 200 बच्चे अध्यनरत हैं। परंतु यू डाइस कोड नहीं है। विद्यालय का यू डायस कोड नहीं रहने के कारण सभी बच्चों का सरकारी पोर्टल यू डाइस प्लस पर ऑनलाइन नाम दर्ज नहीं करा पाये है। मामले को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने कहा कि वैसे विद्यालयों को चिन्हित कराया जायेगा और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## थाना प्रभारी ने एक दशक पुराने विवाद का निपटारा कर वृद्ध महिला को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के एक बार फिर अनोठी पहल सामने आई है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के धुरकी थाने में योगदान के बाद आपराधिक घटनाओं, अवैध कारोबार, विवादों का निपटारा, असहाय लड़कियों के शादी में मदद करना, घरेलू विवादों को लेकर घर जाकर निपटारा करना सहित अन्य ऐसे नेक कार्यों से थाना प्रभारी ने लोगों का दिल जीत लिया है। दरअसल सोमवार को घघरी गांव निवासी पूनम कुंवर (पति स्वर्गीय महेश यादव) ने अपने भसूर रामकिशोर यादव के विरुद्ध जमीन हिस्सेदारी में बंटवारा को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप थाने में आवेदन देकर लगायी थी। जिसमें थाना प्रभारी उपेंद्र ने मामले की जांच किया और थाना कार्यालय बुलाकर दोनों लोगों को विवादों से निपटारा कराया। वहीं रामकिशोर यादव ने विवादित जमीन बंटवारे में पूनम कुंवर को बराबर के हिस्सा देने की बात कही। तथा भविष्य में लड़ाई झगड़ा नहीं करने का निर्णय लिया। वहीं थाना कार्यालय में साथ में आएं पूनम कुंवर के सास वृद्ध महिला सरस्वती कुंवर को थाना प्रभारी ने मिठाई खिलाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, इंद्रमणि जायसवाल, शैलेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# डीसी और एसपी ने बंशीधर महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

## आगामी 19 और 20 मार्च को प्रस्तावित है श्री बंशीधर महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



श्री बंशीधर नगर। आगामी 19 और 20 मार्च को प्रस्तावित श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से श्री बंशीधर नगर का दौरा किया। बताते चलें कि 19 और 20 मार्च को दो दिवसीय महोत्सव के आयोजन हेतु कार्यक्रम के मुख्य स्थल गोसाई बाग मैदान एवं राधा कृष्ण (बाबा बंशीधर) मंदिर परिसर समेत अन्य संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उक्त स्थल निरीक्षण और बैठक के दौरान उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, जिला नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा सुशील कुमार, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता विभाग, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल और आरईओ, डीपीएम जेसलपीएस समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें।

## गोदरमाना पटाखा कांड मामले में थाना प्रभारी हटाये गये

रंका (आजाद सिपाही)। गोदरमाना बाजार में पटाखे की दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए रंका थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी को निलंबित कर दिया है। उनकी जगह चेतन कुमार ने मंगलवार को नये थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया।

## स्वर्गीय प्रदीप सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। टाउनशिप सेल के सब्जी मार्केट में स्थित ग्राउंड में स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन क्लब टाउनशिप द्वारा आयोजित स्वर्गीय प्रदीप सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन बीडीओ नंदजी राम और सेल के डीजीएम एस यू मेदा, सेल के उप प्रबंधक बुलु दिगल ने फिता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच मझिआंव बनाम हरिहरपुर के बीच खेला गया। जहां मझिआंव नें पहला सेट 25-16, दूसरा सेट 25-16से जीत कर मझिआंव सेमीफाइनल में स्थान बनाया। दूसरा मैच श्री बंशीधर नगर बनाम झगराखांड के बीच खेला गया, जहां श्री बंशीधर नगर नें पहला सेट 25-12 दूसरा सेट 25-14 से जीत कर श्रीबंशीधर नगर सेमीफाइनल में स्थान बनाया।

## हेमंत सरकार ने झारखंड के युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का काम किया है : रितेश चौबे



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने स्थानीय युवाओं के भविष्य को लेकर हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। झारखंड में अबतक अपना कोई नियोजन नीति लागू नहीं है। जिससे स्थानीय युवाओं को नौकरी नहीं मिल पा रहा है। हेमंत सरकार ने झारखंड के युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का काम किया है। झामुमो सरकार में रोजगार और बेरोजगारी भत्ता सिर्फ चुनावी मुद्दा बनकर रह गया बल्कि युवाओं को ठगा गया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य का युवा रोजगार के लिए भटकते रहेगा, वह राज्य कभी तरक्की नहीं कर सकता है। इसलिए झारखंड को 10 साल के लिए झारखंड के युवाओं के लिए सुरक्षित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को देखते हुए गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी और विधानसभा सदन के नेता प्रतिपक्ष बाबुलाल मरांडी को मांग पत्र सौंपा जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री विकास तिवारी, युवा मोर्चा गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, युवा मोर्चा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, राम उनय तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, लव ठाकुर सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## जनता को उसके हाल पर छोड़कर मसखरी करने में लगे हैं विधायक सत्येंद्र : धीरज दुबे



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता धीरज कुमार दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को बकवास और विनाश का प्रत्यक्ष उदाहरण बताया है। श्री दुबे ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र में जनहित के मुद्दा उठाने की बजाय गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी बकवास करने में मशगूल है। उनके मुद्दा विहीन वक्तव्य से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वर्तमान में भी वह खुद को एक विधायक नहीं, बल्कि हारे हुए प्रत्याशी के रूप में प्रदर्शित कर रहे हैं। उनके वक्तव्य से ऐसा लग रहा है कि वह मानसिक दिवालियापन के शिकार हो गये हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा के पदाधिकारी विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से मुलाकात कर विधायक सत्येंद्र तिवारी को पागलखाने में भर्ती कराने का अनुरोध करेगी। उनके खर्च का सारा इलाज जहां झामुमो कार्यकर्ता वहन करने हेतु तैयार है। झामुमो प्रवक्ता धीरज ने कहा है कि जनता को उनके हाल पर छोड़कर गढ़वा विधायक मसखरी करने में लगे हुए हैं।

## अवैध रूप से पटाखा बेचने वालों पर पुलिस का एक्शन, विभिन्न दुकानों में की छापेमारी



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार में गढ़वा पुलिस निरीक्षक के निर्देशानुसार मझिआंव पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध रूप से पटाखे बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। इस अभियान में विभिन्न दुकानों में छापेमारी की गयी और कई किया। पुलिस का कहना है कि यह अभियान सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि अवैध पटाखों का बिक्री करने से कई तरह के खतरों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे आग लगना या दुर्घटनायें। अधिकारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पटाखों की अवैध बिक्री को रोकना और जन सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, दुकानदारों को चेतावनी भी दी गयी है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल न हों। छापेमारी के दौरान एसआई नसीम अंसारी, संजय मुंडा तथा कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

# महिला दुकानदार पर गोली चलाने वाले और मोबाइल लूटने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




गढ़वा। गत 10 मार्च को लगभग पांच बजे शाम को कांडी थाना अंतर्गत ग्राम सुंडीपुर के निवासी लालो देवी, उम्र 55 वर्ष, पति रामदास चौधरी के किराना राशन दुकान में सिगरेट मांगने के नाम पर उत्पन्न हुए विवाद के कारण संदीप चंद्रवंशी, पिता-मनोज चंद्रवशी, ग्राम पानसा दूसरा अमन विश्वकर्मा पिता-जितेंद्र विश्वकर्मा, ग्राम अधौरा, दोनों थाना-हैदरनगर, जिला-पलामू और एक अन्य अज्ञात के द्वारा लालो देवी की बेटी रजू देवी का सैमसंग कंपनी का मोबाइल लूटने और लालो देवी पर 7.65 एमएम पिस्टल से जानलेवा हमला करने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिस संबंध में पीड़िता लालो देवी से आवेदन प्राप्त कर कांडी थाना कांड संख्या-22/2025 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया। प्रेसवार्ता में बोलते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने बताया कि बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त अमन कुमार विश्वकर्मा एवं संदीप विश्वकर्मा तथा मंटु विश्वकर्मा उर्फ मटु कुमार विश्वकर्मा तीनों मिलकर कोयल नदी में शराब पी रहे थे। उसी क्रम में सिगरेट पीने का मन हुआ। जिसपर सदीप चंद्रवंशी और मंदु उर्फ नंदलाल विश्वकर्मा लालो देवी के दुकान पर सिगरेट पीने गये। जहां पर पैसे देने के संबंध में दोनों में विवाद हुआ। जहां से लालो देवी के पति अपने दुकान से दोनों को भगा दिये थे। इस बात पर क्रोधित होकर 10 मार्च को शाम करीब 4:45 बजे संदीप चंद्रवंशी, पिता मनोज चंद्रवंशी, ग्राम-पानसा, अमन विश्वकर्मा, पिता-जितेंद्र विश्वकर्मा, ग्राम अधौर, दोनों धाना-हैदरनगर, जिला-पलामू और मंदु उर्फ नंदलाल विश्वकर्मा के द्वारा लालों देवी के दुकान पर पुनः लालो देवी के साथ मारपीट तथा गाली-गलौज करने लगे एवं लालो देवी के बेटी रंजू देवी के सैमसंग कंपनी का मोबाइल लूट लिये तथा संदीप चंद्रवंशी द्वारा लालों देवी पर 7.65 एमएम पिस्टल से जानलेवा हमला करने उद्देश्य से गोली चलाया गया। परंतु उक्त गोली लालो देवी को न लगकर उनके पीछे स्थित दिवाल पर जा लगा। कांड का त्वरित अनुसंधान के क्रम में तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कांड में लूटे गये मोबाईल फोन, 7.65 एमएम का चार जिंदा कारतुस 7.65 एमएम का पिस्टल एवं फायर किया हुआ खोखा बरामद किया गया।

## विधवा महिला एक वर्ष से अबुआ आवास के लिए लगा रही ब्लॉक का चक्कर

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गोंदा पंचायत अंतर्गत लातदाग गांव के ठेकहा टोला की एक विधवा महिला अबुआ आवास के लिए एक वर्ष से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही है। दो मासूम बच्चों की बेसहारा मां इसलिए दर-दर भटक रही है कि उसके पास सरकारी काम कराने के लिए पैसे नहीं है। विधवा महिला अपने बच्चों के साथ दर्जनों बार प्रखंड कार्यालय आती रही परंतु संबंधित विभाग के कोई भी अधिकारी कर्मचारी उसका सुध नहीं ली। मंगल वार को पुनः प्रखंड कार्यालय पहुंची ठेकहा टोला निवासी रंभा कुंवर पति स्वर्गीय सुनील राम ने बताया कि अबुआ आवास के लिए एक साल से बीडीओ, मुखिया, पंचायत सचिव, आवास कोऑर्डिनेटर के पास गुहार लगा रही है लेकिन अभी तक अबुआ आवास के लिए केवल आश्वासन मिल रहा है, जबकि वरीयता सूची में अनुसूचित जाति कैटेगरी के सीरियल नंबर 23 पर मेरा नाम अंकित है।


**Jharkhand Industrial Area Development Authority (JIADA)**
**(A Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**Regd. Off: 3rd floor, JIADA building,**
**Namkum Industrial Estate, Namkum, Ranchi, Jharkhand – 834010**
**E-mail-mdjiada@gmail.com, web-jiada.co.in**

**Letter No. 233** **Tender Notice** **Dated: 11.03.2025**

**NIT No.:-JIADA/35/Bokaro/2024-25**
**Sub: Selection of Agency for Cleaning Services at phase 1,2,3 & 4 Balidih Industrial Area of JIADA, Bokaro Region**

The JIADA, Bokaro region is inviting tender to engage a competent agency to provide collection Transportational and Disposal of debris and Industrial Waste Piles from common area and road sweeping by Mechanical Power Sweeping Machine and Cleaning, Shrubs and Vegetative Clearance, Slit removal from drains and its disposable at Phase 1,2,3 & 4 Balidih Industrial Area of JIADA Bokaro Region.

| S. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1. | RFP/ Tender Availability | 17-03-2025 |
| 2. | Last date for receiving queries | 21-03-2025 |
| 3. | Site Visit Date | 24-03-2025 |
| 4. | Date and time of Pre-Bidding Meeting | 28-03-2025 |
| 5. | Response to queries | 04-04-2025 |
| 6. | Last date of Submission | 09-04-2025 |
| 7. | Technical Proposal opening | 11-04-2025 |
| 8. | Technical Presentation | 15-04-2025 |
| 9. | Financial Bid Opening | To be Notified |
| 10. | Cost of Tender | Electronic transfer of INR 11,800/- {including 18% GST(Non-Refundable)} through Jharkhand Tender website- https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app |
| 11. | Earnest Money Deposit (EMD) | INR 10,00,000/- to be paid in Favor of Managing Director, JIADA payable at Ranchi through online mode of https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app |
| 12. | Website for downloading Tender Documents | https://www.jiada.co.in/tenders.php. |
| 13. | Contact Details | Secretary, JIADA, 3rd Floor, JIADA Bhawan, Namkum, Lowadih, Ranchi, Jharkhand-834010 Mobile:+91 9431386208 Website: www.jiada.co.in Email: mdjiada@gmail.com |

- JIADA reserves the right to change any schedule of bidding process. Please visit JIADA website mentioned in document regularly for the same.
- JIADA reserves the right to terminate the bid process at any time without assigning any reason.
- Proposals must be received not later than time, and date as mentioned above. Proposals that are received after the last date and will not be entertained.

(By the order of MD, JIADA)
Sd/-
Secretary- JIADA

PR 348367 RIADA (JIADA)(24-25).D



**सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा (भू-अर्जन शाखा)**
प्रपत्र VII
**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा सं0 .................................. दिनांक..............................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – लसिया, थाना नं0 – 127, थाना – कोलेबिरा, अंचल – कोलेबिरा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – अघरमा मोड़ (SH-03) पर टकरमा–ससिया पथ का (13.09 कि0मी0) पुनर्निर्माण कार्य योजना हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोषित किया जाता है कि ग्राम – लसिया, थाना नं0 – 127, थाना – कोलेबिरा, अंचल – कोलेबिरा, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश **2.0069** एकड़ यानि **0.81216** हेक्टेयर मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या | | | | वृक्ष | | संरचनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प.0 | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 1 | 97 | रैयती | टांड़ | 0.1320 | जुनाथन मुण्डा पिता –जकरिया मुण्डा | 96 | 98 | सड़क | अंश | | | | |
| 2 | 47 | 99 | गै0म0 | | 0.06 | गैरमजरुआ खास | | | | | | | | |
| 3 | 30 | 100 | रैयती | दोन | 0.3442 | बिरसा खड़िया पिता – सुकरा खडिया | 99 | 101 | सड़क | 101 | | | | |
| 4 | 37 | 101 | रैयती | दोन दो | 0.1147 | सानी खड़िया वगै0 पे0 दुखना खड़िया | सड़क | अंश | 100 | 102 | | | | |
| 5 | 5 | 483 | रैयती | टांड़ | 0.08 | शंकर सिंह | 101 | अंश | अंश | सड़क | | | | |
| 6 | 13 | 121 | रैयती | टांड़ | 0.045 | जुनाश मुंडा वल्द प्रभुसहाय मुंडा | सड़क | अंश | 120 | 122 | | | | |
| 7 | 5 | 124 | रैयती | दोन | 0.0344 | विक्सल मड़की वगै0 पे0 जुनास मड़की वगै0 | सड़क | अंश | 123 | 125 | | | | |
| 8 | 5 | 125 | रैयती | टांड़ | 0.07 | विक्सल मड़की वगै0 पे0 जुनाश मड़की वगै0 | अंश | सड़क | 124 | 127 | | | | |
| 9 | 20 | 126 | रैयती | दोन | 0.75 | राम प्रसाद साहु पिता – स्व0 राधा साहु | अंश | सड़क | 124 | 127 | | | | |
| 10 | 20 | 127 | रैयती | दोन | 0.0516 | सुदामा प्रसाद साहु | सड़क | अंश | 126 | 128 | | | | |
| 11 | | 250 | गै0म0 | | 0.26 | गैरमजरुआ खास | | | | | | | | |
| 12 | | 131 | गै0म0 | | 0.065 | गैरमजरुआ खास | | | | | | | | |
| कुल | | | | | 2.0069 | | | | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा –15(1) में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन सिमडेगा
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा
अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा
उपायुक्त, सिमडेगा

PR 348382 Simdega (24-25)_D


# महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत, मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। रंका थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में मंगलवार सुबह एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बांस के बखार के पास मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतका की पहचान 25 वर्षीय शकीना बीवी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। इधर मृतका के पिता रोज मोहम्मद अंसारी ने बताया कि शकीना की शादी करीब चार साल पहले खुर्शीद अंसारी (निवासी नूरी नगर टोला, मानपुर) से हुई थी। शादी के एक साल बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। इसे लेकर कई बार पंचायती भी हुई, लेकिन ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला।

पीड़ित पिता के अनुसार, चार दिन पहले शकीना ने फोन कर बताया था कि उसे 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत मिले 7500 रुपये की निकासी करने पर पति और ससुरालवालों ने बुरी तरह पिटायी की थी। इस मारपीट की चोटें अभी ठीक भी नहीं हुई थीं कि सोमवार रात करीब 10 बजे ससुरालवालों ने फोन कर बताया कि शकीना घर में नहीं है।

परिवार वालों ने पूरी रात शकीना की खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे, घर के पास बांस के बखार के सहारे उसका शव बैठी हुई अवस्था में और गले में दुपट्टे का फंदा लगा हुआ पाया गया।

घटना की सूचना मिलने पर रंका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने और सबूतों से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया है।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शकीना के पति खुर्शीद अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# टाटा पावर प्रोजेक्ट का मामला विधायक ने विस में उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** विधायक सविता महतो ने शून्यकाल की सूचना के दौरान सदन में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चौड़ा में टाटा पावर प्रोजेक्ट का मामला को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने सदन में कहा कि कुकड़ू प्रखंड के मौजा चौड़ा, कुदा, सिरकाडीह, गुंदलीडीह, तिरुलडीह में टाटा पावर प्रोजेक्ट नें 3660 एमभी यूनिट कंपनी लगाने के नाम से करीब 470



एकड़ जमीन का वर्ष 2010 में अधिग्रहण किया है, लेकिन कंपनी द्वारा कोई भी काम शुरू नहीं हुआ है। यदि टाटा पावर कंपनी नहीं लगाना चाहती है तो लोगों को उनकी जमीन नियम के अनुसार वापस होनी चाहिए। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि टाटा पावर कंपनी द्वारा 470 एकड़ लिए गये भूमि को जमीन मालिकों को वापस किया जाये। उक्त बात कि जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो नें दी।

# जंगली भालू के हमले से ग्रामीण घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**अड़की।** अड़की वन क्षेत्र के सोसोकुटी पंचायत के जोरको गांव के तेलासेरेंग जंगल में जंगली भालू के हमले से 50 वर्षीय गौर सिंह मुंडा गंभीर रुप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार गौर सिंह मुंडा आज सुबह जलावन की लकड़ी लाने के लिए गांव से करीब दो किलोमीटर दूर तेलासेरेंग जंगल गये थे। इसी दौरान अचानक एक जंगली भालू ने उन पर हमला कर दिया, हमले के दौरान गौर सिंह मुंडा ने हिम्मत दिखाते हुए अपने दोनों हाथों से भालू का मुकाबला किया। भालू ने गौर सिंह मुंडा के हाथों को दांतों से काटा जिससे भालू के दांत हाथों के आर पार हो गये। घायल होने के बाद गौर सिंह मुंडा किसी तरह अपने घर पहुंचे और परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अड़की पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारी से जंगली जानवरों से सुरक्षा के उपाय करने की मांग किया है।

# अंचल अधिकारी ने बालू परिवहन करते तीन ट्रैक्टर को किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पातकुम गांव के समीप मंगलवार सुबह को उपायुक्त के निर्देशानुसार अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद ने तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर ईचागढ़ थाना को सुपुर्द कर दिया। वही अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद ने बताया कि मंगलवार सुबह को औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें पातकुम गांव के समीप तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया और ईचागढ़ थाना को



सुपुर्द किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत से ईचागढ़ क्षेत्र से अवैध कारोबारी नहीं करने दिया जायेगा और जो भी इसमें सम्मलित है उसको चिन्हित करके करवाई किया जायेगा।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक



**मुरी (आजाद सिपाही)।** मंगलवार की शाम को होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा कि बड़े ही उल्लास से होली मनाएं, लेकिन किसी भी प्रकार का हुड़दंग या अशांति का माहौल ना हो इस बात का भी ध्यान रखें। इसके अलावा त्योहार के दिन शराब पीकर मोटर वाहन चलने वाले पर खास नजर प्रशासन की रहेगी। चौक चौराहों पर प्रशासन द्वारा विशेष नजर रखी जायेगी ताकि किसी भी प्रकार का अप्रिय घटना ना घटे। मौके पर कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इसके साथ ही ईद और सरहुल को लेकर भी चर्चा हुई।

## होली रंगों और उल्लास का पर्व है : डीएसपी



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए मंगलवार को मैकलुस्कीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान अंचलाधिकारी प्रणव अंबष्ट, थाना प्रभारी गोविंद कुमार, एसइ दीपक कुमार साव, एसआई अजित कुमार वर्मा,लपरा मुखिया पुतुल देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में थाना क्षेत्र के लपरा, हेसालोंग, नवाडीह, खलारी बाजार टांड़, धमधमिया समेत विभिन्न गांवों से आए गणमान्य लोग शामिल हुए। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने समाज में भाईचारे और शांति बनाए रखने की अपील की। डीएसपी राम नारायण चैधरी ने कहा कि होली रंगों और उल्लास का पर्व है, इसे सभी लोग मिल-जुलकर और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि होली के दौरान किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों, जबरन रंग लगाने, अशांति फैलाने या हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश या अफवाह फैलाने से बचने की सलाह दी, जिससे कोई कानूनी परेशानी में न पड़े। साथ ही डीजे साउंड, शराब सेवन, जुलूस और सार्वजनिक स्थलों पर अशोभनीय हरकतों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों, व्यवसायियों और शिक्षाविदों ने प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक,छात्र-छात्राएं और अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका टाका नारो जमीर के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान होली के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के निदेशक एमडी साहिल ने छात्रों को होली की पौराणिक कथा और इसके महत्व के बारे में बताया और सभी को होली की बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका टाका नारो जमीर ने सामाजिक एकता एवं प्रेम का संदेश दिया। यह कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा। इस मौके पर छात्रों और शिक्षको और अभिभावकों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी।

## आपसी सौहार्द्र बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई, सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रंगो का त्योहार होली को लेकर पिपरवार थाना परिसर मे मंगलवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता टंडवा अंचलाधिकारी बिजय कुमार दास और संचालन पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने किया। बैठक मे रात्रि दस बजे के बाद डीजे नही बजाने, अवैध शराब बेचने वालो पर सख्त कारवाई करने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालो को किसी भी कीमत मे बक्शा नही जायेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सीओ बिजय दास ने कहा कि अनेकता में एकता का प्रतीक माने जाने वाले पिपरवार एरिया में सभी त्योहारों को यहां के लोग आपसी भाईचारगी के साथ मनाते आ रहे हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। बैठक के अंत में सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। बैठक में मुख्य रूप से सीओ बिजय कुमार दास, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा,अवर निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह, उमेश मेहता सहित कई लोग मौजुद थे।

## सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें होली और अन्य त्योहार: क्रिस्टोफर केरकेट्टा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** होली, सरहुल और रमजान को लेकर मंगलवार को तोरपा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केंरकेट्टा ने की। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने लोगों से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली सहित अन्य पर्वों को उत्साह पूर्वक मनाने की अपील की। इससे पूर्व बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने होली के दौरान होनेवाले आयोजनों की जानकारी देते हुए त्यौहार के दौरान पानी, बिजली की निर्बाध आपूर्ति के साथ ही समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था करने की मांग की। सदस्यों की इस मांग पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों से अपील की कि त्यौहार मनाते समय किसी की धार्मिक भावना आहत ना हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। बैठक में बीडीओ नवीन चंद्र झा, डॉ रंजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम, प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कुमार कर, तोरपा पूर्वी पंचायत की मुखिया विनिता नाग, तोरपा पश्चिमी के मुख्यिा जोन टोपनो, दियांकेल की मुखिया शिषिर टोपनो, उप मुखिया राजू साहू, संतोष जयसवाल, धमेंद्र कुमार, तुलसी भगत, संजय यादव, कैसर खान, मनीर अंसारी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही नागरिकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगातरक होली की शुभकामनाएं दी।

## डॉ अंबेडकर विचार मंच और सावित्री बाइ फुले नारी शक्ति केंद्र का होली मिलन समारोह



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डॉ अंबेडकर विचार मंच और सावित्री बाई फुले नारी शक्ति केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में बुकबुका पंचायत स्थित साई नगर में फगुआ मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता अनिता गंझू एवं संचालन अशोक राम ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि खलारी डीएसपी रामनारायण चैधरी और विशिष्ट अतिथि खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो, अम्बेडकर विचार मंच के संरक्षक राजन सिंह राजा एवं उपाध्यक्ष शंभूनाथ गंझू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सावित्री बाई फुले की तस्वीर एवं डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान खलारी डीएसपी रामनारायण चैधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फगुआ का त्योहार प्रकृति एवं समाज को खुशहाली, शांति और प्रेम का संदेश देता है। कहा कि नारी शक्ति आज हर क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभा रही है। उन्होने प्रेरित करते हुए कहा कि सभी नारी शक्ति मिलकर समाज एवं राष्ट्र को बढ़ाने में सहयोग करें। वहीं पुलिस हमेशा महिलाओं के हितों के लिए तैयार है। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल और अबीर लगा कर फगुआ त्योहरा होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। समारोह के अंत में धन्वाद ज्ञापन सरोज चैधरी ने दिया। इस अवसर में विकेश सिंह विक्की, सन्नू देवी, नीलू विश्वकर्मा, चांदनी देवी, रवि उरांव, इम्तियाज अंसारी, कौशल्या देवी, नीलू विश्वकर्मा, सुरेंद्र राम उर्फ छोटू,, सोनू राम, लक्ष्मी देवी, शारदा देवी, संध्या देवी, खुशी देवी, सुनीता उरांव, सूरज गंझू, रश्मि मुंडा, रवींद्रनाथ चैधरी, मनीष राम, रमेश गंझू सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** होली पर्व को लेकर खलारी प्रखंड सभागार में मंगलवार को शांति समिति की बैठक खलारी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर जयदीप टोप्पो की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में खलारी डीएसपी आरएन चैधरी, खलारी सीओ प्रणव अंबष्ट, बीडीओ संतोष कुमार उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि होली का त्योहार उत्साह व भाईचारे के साथ शांति पूर्वक मनाया जायेगा। लोगो से अपील किया गया कि जबरदस्ती किसी को रंग ना लगाये ताकि बेवजह होने वाले विवाद से बचा जा सके। मौके पर इंदिरा देवी ने कहा कि सुरक्षा के लिये पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ ही किसी भी आमजन के फोन करने पर पुलिस को तत्पर रहने की जरूरत है। विधायक प्रतिनिधि मोनु रजक ने भी अपने विचार रखा और लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली खेलने का अपील किया। डीएसपी राम नारायण चैधरी ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, लेकिन कई बार असामाजिक तत्व इस उल्लास में खलल डालने की कोशिश करते हैं। उन्होंने दोनों समुदायों से शाति और सौहार्द बनाये रखने की अपील की। सीओ प्रणव अंबष्ट ने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है और इसी दौरान होली का पर्व भी है। वहीं थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने कहा कि खलारी पुलिस ने किसी तरह के विवाद पर पुलिस को तुरंत खबर करने, सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त घायल लोगों को बिना डर के तत्काल अस्पताल पहुंचाने की भी बात कहा। साथ ही लोगों के अनुरोध पर कहा कि अवैध शराब की बिक्री को रोकने और मोटर व्हीकल एक्ट के पालन को लेकर खलारी पुलिस पुरी सख्ती से सघन जांच अभियान चलायेगी। अंत में सभी लोगो ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली का बधाई दिया।

## 20 स्थानों पर रामोत्सव मनेगा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अरूणालय बैंकेट सभागार बुंडू में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति प्रमुख और दुर्गा वाहिनी की बैठक जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह की अध्यक्षता एवं प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें नगर एवं प्रखंड में 20 स्थानों पर रामोत्सव मनाने पर सहमति बनी साथ ही बुंडू नगर में एक बृहद मंचिय कार्यक्रम अरुणालय सभागार में नौ अप्रैल को होगी, जिसमें केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे और प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह का सानिध्य प्राप्त होना तय हुआ है। 22 और 23 मार्च को जिला अभ्यास वर्ग में बुंडू नगर, प्रखंड और आरोग्य रक्षिका की बहनों ने वर्ग में शामिल होने पर सहमति जतायी। बैठक का संचालन जिला मंत्री राजीव झा के द्वारा किया गया। बैठक में नगर मंत्री जय चेल, सहमंत्री कुश कुशवाहा, ताऊ बजरंग दल संयोजक, खंड सत्संग प्रमुख बुधन स्वांसी, विद्याधर दास सोहन महतो हीरालाल महतोआदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## बजरंग बली मंदिर में 24 घंटे हरि कीर्तन संपन्न

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** श्रीरामनगर स्थित बजरंग बली मंदिर में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। यह आयोजन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में किया गया, जिसमें क्षेत्र के भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भाग लिया। इस आयोजन



में गणेशपुर महिला कीर्तन मंडली, करकट कीर्तन मंडली, बेटलंगी कीर्तन मंडली, पचंबा कीर्तन मंडली, मूरुपीडी कीर्तन मंडली, हेजल कीर्तन मंडली और शिवशक्ति कीर्तन मंडली का विशेष योगदान रहा। कीर्तन के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में नीतीश कुमार, विक्रम कुमार, राजकुमार शर्मा, अंकित कुमार, रौनक कुमार, मनोज शर्मा, अजय कुमार, रूपेश कुमार और उत्तम कुमार का विशेष योगदान रहा।

## खाद्य सुरक्षा के मानकों का सख्ती से पालन करें दुकानदार: खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर होली पर्व को देखते हुए जिला खाद्य पदाधिकारी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी, खूंटी ने मंगलवार को मुरहू प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न दुकानों एवं विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में संतोष होटल, मां अन्नपूर्णा होटल सहित अन्य दुकानों से लड्डू, पेड़ा, रसगुल्ला आदि के नमूने लिये गये। दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा के मानकों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया कि दुकान परिसर की स्वच्छता एवं कर्मियों की व्यक्तिगत सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। साथ ही, यह भी निर्देशित किया गया कि बिना एफएसएसएआइ लाइसेंस नंबर, मैंयुफैक्करिंग डेट, एक्सपायरी तिथि, बैच संख्या के किसी भी पैकेटबंद खाद्य सामग्री का क्रय-विक्रय न किया जाये। इसी क्रम में जनजातीय आवासीय बालिका विद्यालय कुंदी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के किचन में साफ-सफाई की कमी पायी गयी। साथ ही, खाना पकाने में उपयोग किए जा रहे शेरा ब्रांड वेजिटेबल ऑयल की पैकिंग पर मैंयुफैक्करिंग डेट, एक्सपायरी डेट एवं फूड लाइसेंस नंबर अंकित नहीं था।

## सालुकडीह में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सालुकडीह गांव में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उड़ीसा के झुमर कलाकार दीपक महतो और सुलोचना महतो के झूमर दल ने बांग्ला, उड़ीया, नागपुरी, कुरमाली आदि गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। झुमर नृत्य का एक झलक पाने को लोग आतुर देखें गये। मनमोहक नृत्य से दर्शकों को झूमने पर मजबुर कर दिया। उस्ताद हेम सिंह महतो और तपन कुमार महतो ने रात भर छौ नृत्य दिखाया। मौके पर समाजसेवी खगेन महतो तरुण महतो, लक्ष्मी देवी, दयाल सिंह मुंडा, सहित आयोजक कमिटी के सदस्य उपस्थित थे।

## बैठक में एक अप्रैल को सरहुल शोभायात्रा निकालने का लिया निर्णय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरहुल शोभायात्रा को लेकर न्यू शांति नगर अखड़ा में बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 01 अप्रैल को सरहुल शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। यह सरहुल शोभायात्रा में बेहराटांड़, कृत धौड़ा, सरना, मायापुर, न्यू शांति नगर, शांति नगर, करकटा बस्ती, मोना टोला, बड़कीटांड़, मैनेजर बंगला, खिलान धौड़ा, पीयारटांड़, लपरा, गंझू टोला, चीनाटांड़, हुटाप बस्ती, जोड़ाकाठ के गांव के सभी लोग शामिल होंगे। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महापर्व सरहुल का शोभायात्रा पेट्रोल गोदाम में सभी गांव से एकत्रित होकर दोपहर एक बजे मुख्य पथ से बैंक मोड़ होते हुए केडी मेन रोड मार्केट होते हुए चदरा धौड़ा मैदान में मिलान किया जाएगा। बैठक में नीरज उरांव, राहूल गंझू, पंकज मुंडा, किसुन मुंडा, सुशील उराँव, सोनू उराँव, बॉबी मुंडा, राजेन्द्र गंझू, सुनील उरांव, सत्येंद्र उरांव, धनेश्वर उरांव, विजय गंझू, अरविंद मुंडा, प्रेम मुंडा, पवन गंझू, अजय गंझू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के दौरान विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन की उपलब्धता, ससमय छात्रवृत्ति, पोशाक वितरण, छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति, छुटे हुए बच्चों का आधार कार्ड निर्माण, रसोइया को मानदेय भुगतान, विद्यालय अपग्रेडेशन के लिए प्रस्ताव, पठन-पाठन आदि पर विस्तार से चर्चा की गयी। साथ ही, सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और उनकी सुचारू रूप से क्रियान्वयन के



लिए समुचित रणनीति अपनाने पर जोर दिया गया। छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया। छूटे हुए छात्रों के बैंक खाते खोलने एवं इससे संबंधित प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उपायों पर चर्चा की गयी। ड्रॉप आउट बच्चों की विशेष सूची तैयार कर शिक्षकों को उन्हें विद्यालय आने के लिए घर-घर जाकर प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी और शिक्षक प्राथमिकता के आधार पर यह सुनिश्चित करें। यदि किसी पदाधिकारी, कर्मी या शिक्षक द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरती जायेगी, तो उन्हें स्पष्टीकरण करते हुए विभागीय कार्रवाई की जायेगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीइओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बचरा साइडिंग के मजदूरों ने वेतन भुगतान की मांग को लेकर पांच घंटे रखा काम बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साईडिंग मे कार्यरत अंसगठित मजदुरो ने बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर मंगलवार को करीब पांच घंटे तक कामकाज को बंद रखा। इस दौरान असंगठित मजदूरों ने साइडिंग परिसर में एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में असंगठित मजदूरों ने बताया कि पिछ्ले दो माह से कंपनी के द्वारा मजदूरों का वेतन भुगतान नहीं किया गया है, जिसके कारण मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वर्तमान में पर्व त्यौहार को देखते हुए मजदूरों को वेतन की काफी जरूरत पड़ गयी है। मजदूरों ने कहा कि कुछ माह पूर्व वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन किया गया था, जिसमें



कंपनी के द्वारा वेतन बढ़ाया गया था, लेकिन वेतन बढ़ोतरी के साथ भुगतान नहीं किया जा रहा है। कंपनी पुराने दर से ही वेतन का भुगतान करने की बात कह रही है जिससे मजदूरों में आक्रोश देखा जा रहा है। इधर मजदूरों की बंदी की सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी और कंपनी के लोग साइडिंग पहुंचकर मजदूरों के साथ वार्ता की। वार्ता में अधिकारियों ने होली के बाद जल्द ही कंपनी और मजदूरों के बीच बैठक आयोजित कर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया। प्रबंधन के आश्वासन के बाद मजदूर शांत हुए और बंदी को स्थगित किया। जिसके बाद करीब पांच घंटे के बाद साईडिंग का काम का शुरू हो। मजदूर ने कहा कि यदि बढ़ोतरी के साथ वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में फिर से आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर सीएचपी के प्रभारी पीओ पीके सिंह, एसओपी नागेश गोपाल, स्टाफ ऑफिसर माईनिंग सुभोजित हलदर, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो सहित कई अधिकारी और असंगठित मजदूर मौजूद थे।

# अनगड़ा और इटकी में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

## मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम की, हंगाामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** हुंडरू फॉल रोड में गेतलसूद मिशन मोड़ के पास मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार एक बाईक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी। इस हादसे में बाईक सवार किशोर एतवा मुंडा (14) की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि दूसरा छोटू करमाली (14) गंभीर रूप से घायल हो गया। छोटू को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, मृतक एतवा मुंडा और घायल छोटू करमाली सिकीदिरी थाना क्षेत्र के नवागढ़ नीचे टोला के रहने वाले हैं। नवागढ़ दोनों उत्क्रमित हाई स्कूल के 9वीं कक्षा के छात्र हैं। बताया जा रहा कि दोनों एक ही बाईक पर सवार होकर इस दिन सुबह 9वीं बोर्ड की परीक्षा देने परीक्षा केंद्र अनगड़ा स्थित सरकारी मॉडल स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान गेतलसूद मिशन मोड़ के पास तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। जिससे सिर में गंभीर चोट लगने से एतवा मुंडा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छोटू करमाली गंभीर रूप से घायल हो गया। बाईक एतवा मुंडा चला रहा था। उधर, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। वहीं छोटू करमाली को इलाज के लिए पहले सीएचसी ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर देख उसे रिम्स अस्पताल रेफर किया गया। दूसरी ओर, अनगड़ा थाना क्षेत्र के ही





हेसल रिंग रोड के पास सर्विस रोड में मंगलवार की सुबह ट्रक की चपेट में आकर बाईक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। इससे अक्रोशित ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे तक रिंग रोड को जाम कर दिया। इससे दोनों तरफ सैकडों वाहनों का जाम लग गया। जानकारी के मुताबिक हेसल कठरटोली निवासी मनीराम महतो (23) अपनी बाइक पर सवार होकर अपने भांजा प्रकाश महतो के साथ किसी काम को लेकर राजाडेरा जा रहा था। तभी तेज रफ्तार एक ट्रक ओवरटेक करते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मनीराम सड़क पर गिर गया और ट्रक उसे रौंदते हुए फरार हो गया। बुरी तरह कुचले जाने से बाइक सवार मनीराम महतो की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि प्रकाश महतो नामक एक अन्य युवक उछलकर कुछ दूर गिरकर घायल हो गया। इसकी खबर पाकर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर जमा हो गये और रिंग रोड को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपया मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। बाद में अनगड़ा बीडीओ जयपाल सोय और थाना प्रभारी हीरालाल साह ने लोगों को समझा बुझा कर जाम हटवाया। साथ ही प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता के तौर पर 33 हजार रुपये दिये गये। इधर ग्रामीणों ने एनएचआई निदेशक एवं पुलिस- प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें जीपी हाईस्कूल के बच्चों की आवाजाही के लिए अंडर पास रोड या ओवरहेड पुल का निर्माण करने, स्पीड ब्रेकर लगाने, हेसल, कठर टोली और तुरूप के लिए बाईपास रोड बनाने, हेसल सर्विस रोड एवं नयाटोली कठरटोली सर्विस रोड के पास दोनों किनारे पर रेलिंग लगाने, अंडर पास बनाने, डिवाइडर बनाने, जगह जगह सुरक्षा बोर्ड लगवाने आदि मांग शामिल है। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल, मुखिया सरीता तिर्की, कविता देवी, पंसस शीला देवी, सुनील कु महतो, रामसाय मुंडा, रामनाथ महतो, ब्रजेश कुमार, बिमला देवी, जगन्नाथ महतो, सुप्रेस महतो, कृष्णा भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी गंभीर



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर गुड़गांव बस्ती के पास सोमवार की रात नौ बजे सड़क दुर्घटना में बंधना उरांव नामक 44 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि उसकी पत्नी एतवारी उराईन (38) गंभीर रूप से घायल हो गयी। ग्रामीणों की मदद से घायल एतवारी को बेड़ो अस्पताल पहुंचाया गया। जहां स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं, मृतक बंधना उरांव भंडरा गांव का रहने वाला था। उधर, हादसे से गुस्साये लोगों ने शव के साथ रांची-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी के अनुसार बंधना उरांव अपनी पत्नी ऐतवारी उराईन के साथ बाइक पर सवार होकर अपने ससुराल झिंझरी गांव से भंडरा गांव वापस अपने घर लौट रहा था। इसी बीच एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया, जिससे बघना उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण एकजुट होकर शव के साथ रांची-गुमला मुख्य मार्ग जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे। इसकी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और ग्रामीणों को समझाया लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद मौके पर पहुंचे सीओ के समझाने पर ग्रामीण रात 11.30 सड़क जाम कत्म किया। सीओ मो अनीश ने तत्काल 20 हजार रुपये नगद मुआवजा मृतक के परिजनों को दिलवाया। साथ ही सरकारी प्रक्रिया पूरा होने के बाद और दो लाख रुपये और घायल एतवारी को 50 हजार रुपये मुआवजा दिलाने का अश्वासन दिया।

### पिता की मौत से बच्चों का बुरा हाल

मृतक बंधना उरांव के चार बच्चें हैं। पिता की मौत और मां के घायल हो जाने से बच्चों और परिजन सदमें में हैं। बंधना उरांव कृषि से जुड़ा था। खेती बारी कर अपने और परिवार का किसी प्रकार से भरण पोषण करता था।

## उच्च शिक्षा की स्थापना ही शहीद गोविंद सिंह की होगी सच्ची श्रद्धांजलि

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** चांपाडीह कुसुम डीपा में शहिद बड़ाइक गोबिंद सिंह का 45वां शहादत दिवस मनाया गया। साथ ही मेला का आयोजन किया गया। शहीद बड़ाइक गोबिंद सिंह स्मारक समिति के बैनर तले आयोजित शहादत दिवस में विशिष्ट नारायण उर्फ बबलू सिंह भी उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि बड़ाइक गोबिंद सिंह शिक्षा प्रेमी थे। उनकी याद में चांपाडीह कुसुमदीपा में उच्च शिक्षा की स्थापना करना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं, सुशील पहान ने कहा कि झारखंड वीर शहिदों की भूमि है। हमें उन्हें याद करना हैं। हमारे बच्चे को अच्छे काम करने के लिए प्रेरित किए। इससे पहले शहिद बड़ाइक गोबिंद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बड़ाईक रामशंकर सिंह (रौतिया समाज विकास परिषद्) ने कार्यक्रम का आयोजन किया। मंच संचालक देवेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर बड़ाइक देवेंद्र कुमार सिंह, राजकिशोर उरांव, ग्राम प्रधान रेजन मुंडा, निर्मल मुंडा, जिंदा मुंडा, वार्ड सदस्य सुनीता मुंडा, कचन उरांव, फिरान महतो, लक्ष्मण साहू आदि उपस्थित थे।

## दिगवंत पत्रकार मुक्ति नाथ गिरी को दी गयी श्रदांजलि

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी के पत्रकारों ने खलारी के दिगवंत पत्रकार मुक्ति नाथ गिरी को श्रदांजलि अर्पित की। कहा कि दिगवंत मुक्ति नाथ गिरी प्रखर और बेबाकी पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। मौके पर एमएम राही, प्रदीप कुमार, राजेश सिंह, अभिलास सिन्हा, जमील अंसारी, नौसाद अख्तर, अविनाश कुमार,मो रसीद, साहब हामजा, गोविंद यादव आदि थे।

## बेड़ो में जंगली हाथियों का उपद्रव जारी फिर से दो किसानों की फसलों को रौंदा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उपद्रव जारी है। रविवार की देर रात चिन्द्री टंगरा टोली गांव में उर्मिला कुमारी और वीरेंद्र उरांव के कच्चे मकान के दीवार को ध्वस्त कर किया गया था। इसके दूसरे ही दिन यानी सोमवार की रात 10 बजे तीन जंगली हाथियों ने घाघरा पंचायत के कोकड़े गांव में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने गांव के दो किसान अनुप मुंडा के गेहूं-केला और पूनम मुंडा के आलू की फसल को खाकर एवं रौंदकर बर्बाद कर दिया। अनुप मुंडा ने बताया कि 30 दिसंबर 2024 को भी हाथियों ने उसकी आलू की फसल को खाकर और रौंदकर बर्बाद किया था। जिसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला है। उधर, इस घटना से गांव लोगो में दहशत का माहौल है। अनुप और पूनम ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। दूसरी ओर, ग्रामीणों ने वन विभाग अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथी को जंगल से भगाने की मांग की है।

## टाटीसिलवे थाना परिसर में होली मिलन का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे थाना परिसर में मंगलवार को होली और डोल मेला के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा ने किया। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाएं. किसी भी प्रकार के विवाद से बचे। कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है, इसलिए सभी गिले-शिकवे भुलाकर इसे उल्लासपूर्वक मनाना चाहिए। इस दौरान सभी गणमान्य व्यक्तियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। उप प्रमुख वीणा देवी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह पर्व उल्लास, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, जिसे शांतिपूर्ण और खुशी के माहौल में मनाया जाना चाहिए। बैठक में टाटीपूर्वी मुखिया कृष्णा पहान, चतरा पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, राजन साहू, अर्चना मिश्रा, गिरधर मिश्रा, अशोक कुमार मिश्रा, विनोद अग्रवाल, राजेश मिश्रा, राजेंद्र महतो, राजू नायक, मधुसूदन पांडेय, पारसनाथ महतो, जितेंद्र सिंह, काशीनाथ महतो, माधुरी देवी, राजेश रंजन, कल्पना आदि उपस्थित थे।

## सूर्यनगर क्विंस क्लब में मना होली मिलन समारोह



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सूर्यनगर क्वींस क्लब लालगंज की ओर से मंगलवार को महिलाओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। नृत्य और संगीत के रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। पारंपरिक और बॉलीवुड गीतों पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांध दिया। मौके पर आशा सिंह, डेजी सिंह, गायत्री देवी, उषा शर्मा, मंजू पांडे, संजू शर्मा, रेणु सिंह, सरिता सिंह, इंदु सिंह, चंपा देवी, सावित्री मिश्रा, पुष्पा शर्मा, मंजूषा सिंह, देवंती देवी, चंचला, गुड़िया आदि उपस्थित रही।

## होली भाईचारे और सौहार्द्र का त्योहार: मृत्युंजय



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे प्रज्ञा समिति ने मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन समिति के महामंत्री मृत्युंजय मिश्रा के नामकुम स्थित आवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि होली भाईचारे और सौहार्द का त्योहार है, जो लोगों को आपस में जोड़ने का काम करता है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे प्रेम और एकता के साथ इस पर्व को मनाएं। मौके पर रमेश पांडेय, प्रभाष झा, रामचंद्र झा, सतीशनाथ पांडेय, परमात्मा दुबे, दिलीप मिश्रा, दीनानाथ पाठक, विश्वनाथ तिवारी, नीरज दुबे, सतीश मिश्रा, मुकुल पाठक, अजय मिश्रा, अभय मिश्रा, नितिन दुबे, अरविंद उपाध्याय, आनंद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## मनरेगा लोकपाल ने किया मुरतो पंचायत का भ्रमण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जायसवाल ने मंगलवार को बेड़ो प्रखंड के मुरतो पंचायत का निरीक्षण एवं भ्रमण किया। इसमें पंचायत सचिवालय में सात पंजी, मनरेगा योजनाओं से संबंधित अभिलेख की जांच की। इसके बाद मनरेगा के विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पकली देवी का सिंचाई कूप निर्माण, चंपू उरांव का सिंचाई कूप, पीयूष तिर्की और दीपक सिंह के जमीन में आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई अहम निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, मुखिया सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सुरेश लिंडा, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक डीबू एक्का समेत दर्जनों लाभुक और ग्रामीण मौजूद थे।

## नगड़ी में 15 को मिलजुल कर होली मनाने का निर्णय

**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** रंगों का त्योहार होली को लेकर नगडी थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर महेश्वर प्रसाद ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 15 मार्च को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली त्योहार मनाया जाएगा। लोगों ने इस दौरान प्रशासन से शराब और मादक पदार्थ बेचने पर पाबंदी लगाने की मांग की। इस पर थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलाने अफवाह या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की आशंका पर तुरंत प्रशासन को खबर दें। बैठक का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन नगडी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय ने किया। इसके बाद नगडी प्रखंड के वरीय समाजसेवी तपेशवर केसरी और केदार महतो ने फगुआ गीत गाकर बैठक में होलीनुमा माहौल बना दिया। इस दौरान सभी ने अबीर-गुलाल लगाकर सभी को होली की अग्रिम शुभकामनायें और बधाई दी। इस मौके पर रामवरण महतो, दौलत राम, केसरी, दिलरुबा हुसैन, शहीद अहमद, चुडामनी महतो, कुलदीप तिवारी, यासीन अंसारी, सकिल अंसारी, दिनेश महतो, शीला देवी, अतेशवर शाही, राजेंद्र महतो, अब्दुल कुदूश, सुरेश महतो, तसलीम अंसारी, दीपक केसरी और मनीष केसरी आदि थे।

## ग्रामीणों ने होली, सरहुल और ईद आपसी सौहार्द्र के साथ मनाने का लिया निर्णय



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अद्यक्षता सीओ चंचला कुमारी ने की। उन्होंने ग्रामीणों से होली, सरहुल और ईद पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। वहीं, डीएसपी अशोक कुमार राम ने माह-ए-रमजान और होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर कई आवश्यक सुझाव और निर्देश दिया। कहा कि सभी त्योहार आपसी मेलजोल, शांति और सौहार्द की सीख देता है। वहीं नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने कहा कि शांति कायम रखने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था किये जाएगी। त्योहार के दौरान पुलिस आसामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करेगी। बैठक के दौरान मिठाई खिलाकर एवं एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मौके पर उपप्रमुख मोददसिर हक, एएसआई नगीना प्रसाद, बबलू साहू, बलवीर सिंह, सूरज सिंह, रोहित साहू, बिद्धू शाही, आदित्य शाही, अर्जुन साहू, संजय शाही, दिलीप साहू, धनंजय ओझा, रंथेश्वर शाही, रूपा श्री उरांव, भवानी उरांव, मकबुल अंसारी, फरीद अंसारी, नसीर अंसारी, रुस्तम अंसारी, मोबिन अंसारी, उमर खान और लक्ष्मण उरांव आदि मौजूद थे।

# लूटपाट के दौरान घायल महिला की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के न्यू साखे टोली में लूटपाट के दौरान गंभीर रूप से घायल रेणुका सिंह (58) का इलाज के दौरान निधन हो गया। घटना 28 फरवरी की रात हुई थी, जब बदमाशों ने घर में घुसकर लूटपाट की और विरोध करने पर मां-बेटी को बेरहमी से पीटा। परिजनों के अनुसार रेणुका सिंह अपनी बेटी के साथ सो रही थी। तभी तीन अज्ञात अपराधियों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उन्होंने मोबाइल और अन्य कीमती सामान लूट लिए। जब मां-बेटी ने विरोध किया तो अपराधियों ने दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार की देर रात रेणुका सिंह की मौत हो गई। उनकी बेटी अभी भी अस्पताल में इलाजरत है। मंगलवार को रिम्स अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद रेणुका सिंह का शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टाटीसिलवे पुलिस अब तक अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही है, जिससे जनता में गहरी नाराजगी है। उधर, घटना को लगभग दो सप्ताह बीत चुके है, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक खाली है। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तार करने की मांग की है।

# नया आवंटन निविदा निकाल दुकानों का मूल्य संशोधन करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** मुखिया दीपक बडाईक के नेतृत्व में ओरमांझी के सामाजिक कार्यकर्ता जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत से मिले। ओरमांझी में जिला परिषद फंड से बने मार्केट कॉम्प्लेक्स के आवंटन को लेकर लोगों में नाराजगी है।



मार्केट में आवंटन की प्रक्रिया को महंगा बताते हुए आवंटन में संशोधन करने की मांग को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही बाजार परिसर के चारों ओर दुकान बनाने का भी मांग किया गया। इस असर पर जिप अध्यक्ष ने आश्वस्त करते हुए कहा कि जब भी आवंटन की प्रक्रिया होगी निश्चित रूप से स्थानीय लोगों को ही दुकानों का आवंटन कराया जाएगा। किराया कम हो इसके बारे में विचार विमर्श किया जा रहा है। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में मुखिया दीपक बड़ाइक, उपमुखिया संतोष गुप्ता और पवन साहू आदि शामिल थे।

## न्यायायुक्त ने किया रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण

# अनियमितता देख जतायी नाराजगी, सख्त लहजे में कहा जेल मैनुअल के अनुसार ही कैदियों को खाना दिया जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने मंगलवार को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के रसोई घर, कैदियों को दिए जाने वाले भोजन सहित उपलब्ध अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। जिसमें कई अनियमितताएं पाई। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने सख्त लहजे में जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि जेल मैनुअल के अनुसार ही सभी कैदियों को खाना दिया जाना चाहिए। उन्होंने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा अस्पताल का भी निरीक्षण किया और उपस्थित डॉक्टर और नर्स से बातचीत कर उन्हे निर्देश दिया कि ईलाज में किसी तरह की कोताही ना बरतें। पर्याप्त मात्रा में



दवाई उपलब्ध रखें। न्यायायुक्त ने जेल में स्थित सभी वार्डों का निरीक्षण किया। महिला वार्ड को लेकर जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि माहवारी के समय महिला बंदियों को पर्याप्त मात्रा मे सैनिटरी पैड उपलब्ध कराएं। उन्होंने बंदियों की समस्याओं की जानकारी ली और इसके शीघ्र निराकरण का निर्देश दिया। संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि कैदियों को भी सरकार की ओर से उपलब्ध सुविधाएं पाने का हक है। हमें उस पर गहण मंथन करने की आवश्यकता हैं। बीमार होने पर उनका ईलाज कराया जाए। कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार प्रत्येक माह में जेल अदालत के दिन ही अलग से स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था जेल के अंदर की गयी है। इस संबंध में बुजुर्ग कैदियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के लिए जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया। न्यायायुक्त ने कहा कि वैसे बंदी जिनकी जमानत हो चुकी है और वह बेल बांड की शर्तों को पूरा नहीं कर पा रहे है, वे शर्तों में परिवर्तन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को आवेदन दे सकते है। उन्हें निःशुल्क लिगल एड डिफेंश काउंसेल मुहैया कराया जायेगा, जो उनके लिए संबंधित कोर्ट में आगे की कार्रवाई करेंगे। कहा कि सजायफ्ता कैदी जिन्होंने अपील नहीं की है, उनके संबंध में भी कहा गया है कि वह अपील के लिए रांची डालसा में आवेदन कर सकते है, जहां उन्हें मुफ्त में कानूनी सहायता एवं सरकारी खर्चे पर वकील उपलब्ध करायी जायेगी। मौके पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, सिविल कोर्ट के निबंधक प्रशांत वर्मा, केंद्रीय कारा के जेलर आदि मौजूद थे।

## नायक समाज का होली मिलन समारोह आयोजित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नामकुम के डूंगरी अंबेडकर चौक के समीप सोमवार को नायक समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पदमश्री महावीर नायक, आजसू नेता राजू नायक, रामकुमार नायक, वीरू नायक एवं अजय नायक थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। महावीर नायक ने कहा कि होली हमें जीवन में खुशहाली और समृद्धि का संदेश देता है। होली को आपसी सौहार्द के साथ गिले शिकवे भूलकर मिलजुलकर मनाएं। राजू नायक ने कहा कि रंगो का त्योहार होली सभी के जीवन को खुशियों के रंग से भर दे। यह हमें मिलजुलकर रहने का संदेश देता है। अध्यक्षता पिंटू नायक और संचालन अजय नायक, जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजू नायक ने किया। मौके पर सकलू नायक, सनोज नायक, सचिन नायक, किशोर नायक, नरेश नायक, सनी नायक, किशोर नायक, विशाल, चंदन, अभी नायक, राकेश आदि मौजूद थे।

## मिलजुल कर मनायें होली का त्योहार : थाना प्रभारी

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** होली को लेकर पिठोरिया थाना में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी अभय कुमार ने की। बैठक में होली के दौरान शांति और सौहार्द्र बनाए रखने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील की। कहा कि होली पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। वहीं, समिति के सदस्यों ने सुझाव दिया कि बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए और उपद्रवियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। वहीं, थाना प्रभारी ने बताया कि होली के दिन गश्त बढ़ाई जायेगी।

## कुआं में डूबने से दो युवक की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना के एसआइ कृष्णा कुमार ने बताया सोमवार को नेलशन बाड़ा (14) और सुधु उरांव (20) गांव के एक कुआं में मशीन से खेत पटवन कर रहे थे। इसी क्रम में सिंचाई मशीन कुआं में गिर गया मशीन निकलने के लिए सुधु उरांव कुआं में कूद गया और मशीन निकालने की कोशिश में वह डूबने लगा। जिसे बचाने के लिए कुआं के ऊपर से नेलशन बाड़ा भी कुआं में कूद गया। कुआं में दोनों का दम घुटने से अचेत हो गये। स्थानीय लोगो की मदद से परिजन दोनो को कुआं से निकलकर सिसई रेफरल अस्पताल ले गये जंहा डॉक्टर ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। संभवतः मोटर के धुएं से दम घुटने से दोनों की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर बसिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर बसिया ले गयी।

# चेरो रौतिया समाज ने दिया धरना जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग

**उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** चेरो रौतिया आदिवासी महासभा के तत्वावधान में मंगलवार को गुमला जिला चेरो रौतिया समाज के सदस्यों ने गुमला कचहरी परिसर हड़ताली वृक्ष के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर राज्य के अन्य जिलों के अनुसार गुमला जिला में भी चेरो अंश रौतिया को अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग की। ज्ञापन में चेरो रौतिया के सदस्यों ने कहा है कि उनका भू दस्तावेज में कौम रौतिया दर्ज है। रौतिया चेरो का वंश वर्गीकरण उप विभाजित उपनाम है। चेरो अनुसूचित जनजाति श्रेणी में आता है और झारखंड सरकार के गजट में चेरो का वर्गीकरण आठ भागों में वर्णित है और आठवें में रौतिया है। रांची, खूंटी, गुमला, खरसांवा, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा में निवास करने वाले चेरो वंश रौतिया कौम को जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है जबकि गुमला में जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो रहा है। जिस कारण गुमला के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवती, किसानों एवं स्कूली बच्चों को अनुसूचित जनजाति का लाभ नहीं मिल रहा है। ज्ञापन में उपायुक्त से राज्य के अन्य जिला में जाति प्रमाण पत्र निर्गत हो रहे हैं जिसके आधार पर गुमला जिला में भी जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग की है। धरना और ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष रितभंजन सिंह, बालमकुंद सिंह, बसंत सिंह, अंजन सिंह, बिरसू सिंह, सुमित सिंह, शीतल सिंह, जगजीवन सिंह, विजय सिंह, सुनैना देवी, श्रीराम कुमार सिंह, जयधन सिंह, जय शंकर सिंह, संतोष सिंह, पुनू सिंह, सुदीप सिंह, सुधीर कुमार सिंह, हेम नारायण सिंह, अशोक सिंह आदि शामिल हुए।

# जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त ने समस्याओं के तुरंत समाधान का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों पर सुनवाई की गयी। जिले के दूर-दराज से आए नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखा, जिन पर आवश्यक निर्देश दिये गये।

एनएच 23 पलमा गुमला पथ निर्माण में जमीन अधिग्रहण की राशि का अवैध तरीके से भुगतान लेने की शिकायत प्राप्त हुई है। उपायुक्त ने इस मामले में संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

एक शिकायतकर्ता ने अंचल अधिकारी, भरनो द्वारा राजस्व दाखिल खारिज आवेदन को खारिज करने के संबंध में शिकायत की है। इस बाबत उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जांच के उपरांत उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

रायडीह निवासियों ने बहेरापाठ गांव में पानी की समस्या से उपायुक्त महोदय को अवगत कराया। उनका कहना है कि पानी काफी दूर से लाना पड़ता है जिसमें ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गर्मी का मौसम आने वाला है जिसमें की पानी की समस्या और विकराल हो जायेगी। उपायुक्त ने उक्त गांव में पानी की समस्या को यथाशीघ्र दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

माही उरांव के जमीन में रखी फसल बिजली के तार के संपर्क में आने जलकर राख हो गयी। इस नुकसान हेतु उन्होंने मुआवजा हेतु उपायुक्त महोदय को आवेदन सौंपा है। इस विषय पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को उचित कार्रवाई हेतु निर्देश दिया।

# देवाकी के नीचे टोला में जलमीनार लगने के एक साल बाद भी नहीं मिल रहा पानी

**ग्रामीणों ने घाघरा-नेतरहाट मुख्य पथ को जाम कर आंदोलन की दी चेतावनी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाघरा।** सरकार लाख दावा कर ले हर घर में नल से हम पहुंचा रहे हैं जल, लेकिन गांव के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पानी के लिए ग्रामीणों को 1 से 2 किलोमीटर पैदल जाकर सिर में बड़े-बड़े बर्तन धोकर लाना पड़ रहा है। मामला घाघरा प्रखंड के देवाकी गांव के नीचे टोला का है। यहां पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जलमीनार बनाया गया। पाइपलाइन लगाया गया, लेकिन किसी भी घर में नल ही नहीं लगाया गया और तो और सोलर जलमिनार में बोरिंग से पानी ही सींटेक्स में नहीं जा रहा है। जिसकी शिकायत कई बार विभाग के लोगों से ग्रामीणों ने किया है। लेकिन अब तक इस पर कोई पहल नहीं किया गया। भीषण गर्मी पहुंचते ही पानी के लिए हाहाकार हर सुबह से लेकर शाम तक देवाकी में आम हो गया है। ग्रामीण महिला तारा उरांव, धनिया देवी सहित कई लोगों ने बताया कि जलमीनार लगाये लगभग 1 साल हो गया। लेकिन आज तक एक बूंद पानी घर में नहीं मिला। जलमीनार लगा रहे ठेकेदार को कई बार हम लोगों ने कहा लेकिन उनके कान में जू तक नहीं रहेंते, उल्टा ठेकेदार के जो वर्कर है कहते हैं कि हमें ठेकेदार के द्वारा नल नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते पानी सप्लाई नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण का पानी के बिना बुरा हाल हो गया है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि जल्द अगर पानी की सप्लाई नहीं की जाती है तो देवाकी गांव के समीप घाघरा नेतरहाट मुख्य पथ को जाम कर-के आंदोलन करेंगे। इस पूरे मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार को अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में हर घर में नल से जल पहुंचना सरकार की प्राथमिकता है पानी सप्लाई के लिए वरीय अधिकारियों को सूचित कर जल्द ही विभाग के लोगों को भेज कर सप्लाई शुरू कराया जायेगा।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के टोटांबी केउंद टोली के समीप बाइक सवार घाघरा शिवराजपुर निवासी टुनटुन उरांव ने लूटो निवासी 68 वर्षीय महिला अघनी देवी को टक्कर मार दिया। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गयी। घटना सोमवार की शाम 7 बजे की है। इसके बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक टुनटुन एक युवक को टोटो पहुंचाने बाइक से जा रहा था। वहीं महिला सोमवार की सुबह घाघरा बाजार जाने की बात कह कर घर से निकली थी इसी बीच तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दिया जिससे महिला की मौत हो गयी। मंगलवार की दोपहर 12 बजे महिला के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# पाइप में लीकेज से हजारों लीटर पानी की हो रही बर्बादी, विभाग सुस्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** रायडीह प्रखंड क्षेत्र के कांसीर गांव में प्रतिदिन हजारों लीटर पानी की बबार्दी हो रही है। सोमवार की शाम 6:30 बजे जानकारी देते हुए गांव की एक महिला ने बताया चार-पांच दिनों से सुबह शाम सप्लाई किये जाने के बाद पाइप लीकेज होने के कारण हजारों लीटर पानी की बबार्दी हो रही है। मामले की जानकारी विभाग को दी गयी। दो दिन पूर्व कुछ लोग आये और स्थल का निरीक्षण किया इसके बाद आज तक इस दिशा में किसी प्रकार की पहल नहीं की गयी। जिसके कारण लोगों को आवागमन में भी भारी परेशानी हो रही है। पानी सड़क में ही बह रहा है और गलियों से बहते हुए मुख्य सड़क तक पहुंच जाता है। वहीं सड़क के पास पहुंचकर गड्ढे में पानी भर रहा है मुख्य सड़क से गांव की ओर आने वाले ग्रामीणों को कीचड़ युक्त मिट्टी में चलकर आना जाना पड़ रहा है वहीं कई वाहन भी कीचड़ में फंस रहे हैं। देखने से ऐसा लगता है कि गांव में ही नदी बन गया है। लोगों ने बताया गर्मी शुरू हो गयी है लोगों को पाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। लोगों ने संबंधित विभाग से पानी की बबार्दी को रोकने के लिए पहल करने की मांग की है। मामले को लेकर सोमवार को विभागीय पदाधिकारी का पक्ष लेने के लिए संपर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## उत्कल समाज का होली मिलन समारोह आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उत्कल समाज का होली मिलन समारोह 12 मार्च को संध्या साढ़े पांच बजे से उत्कल पोइंट गुमला में आयोजित किया गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए उत्कल ब्राह्मण परिषद की गुमला शाखा के सचिव सुबोध कुमार दास ने बताया कि समारोह में मंचीय कार्यक्रम के साथ सामूहिक स्वरुचि भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## बाइक और स्कूटी की टक्कर में दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित मिशन चौक के समीप स्कूटी सवार ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में बरिया आनंदपुर निवासी महिला एदिल कुजूर और उसका पति तुलसी उरांव सड़क पर गिरकर घायल हो गये। घटना मंगलवार की अपराह्न 3:30 की है। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक पति-पत्नी और एक अन्य व्यक्ति एक बाइक में सवार होकर गुमला बाजार आ रहे थे। तभी मिशन चौक के समीप पीछे से स्कूटी सवार तेज रफ्तार से आया और बाइक के अगला चक्का को टक्कर मार दिया जिसके बाद खुद संभालते हुए घटनास्थल से गुमला की ओर फरार हो गया। वहीं बाइक सवार लोग सड़क पर गिर गये लेकिन पीछे बैठे व्यक्ति को चोट नहीं लगी जबकि पति-पत्नी घायल हो गये।

## कुएं में गिरकर एक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के उर्मी गांव में कुआं में गिरने से 50 वर्षीय प्रकाश बाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया मंगलवार की अपराह्न 3:00 बजे प्रकाश घर आया। वह शराब के नशे में था इसके थोड़ी देर बाद घर के पास चबूतरा नुमा कुएं के पास जाकर बैठ गया। सुबह से वह कुछ खाया नहीं था सिर्फ शराब पीया था। शायद चक्कर आने या अनियंत्रित होने की वजह से हुआ कुएं में गिर गया। छपाक की आवाज सुनकर परिजन दौड़ते हुए कुआं के पास पहुंचे। प्रकाश तैरना नहीं जानता है लेकिन कुएं में लगे मोटर की रस्सी को पड़कर वह करीब 15 मिनट तक कुएं के अंदर रहा। जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया और सदर अस्पताल लाया गया।

# सरकारी प्राइमरी और मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापकों के बीच टैब का वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा शिक्षा विभाग में झारखंड सरकार शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी प्राइमरी और मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापकों के बीच टैब का वितरण किया गया। इस क्रम में शिक्षा विभाग की बीपीओ उसे पर तपन ने शिक्षकों के बीच टैब बांटा। वही जानकारी देते हुए बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि सरकार द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के 125 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के बीच टैब का वितरण किया गया। ताकि शिक्षक स्कूल से संबंधित सारा रिपोर्ट अपलोड कर सके। जिससे विभाग द्वारा ऑनलाइन सभी रिर्पोट देखा जा सके। मौके पर मोहम्मद तलत, सदय प्रताप जायसवाल, मनोज तिवारी, रामकुमार भगत, अनूप कुमार सहित कई स्कूल के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## खोरा के पास वाहन की टक्कर से युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला सिसई रोड स्थित खोरा के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से खोरा कुसुम टोली निवासी 24 वर्षीय संजय उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी। घटना सोमवार की अपराह्न 3 बजे की है स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक संजय अपने घर आए एक मेहमान को छोड़ने खोरा गया था। छोड़कर घर वापसी के क्रम में अज्ञात वाहन उसे अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद संजय सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर किया गया।

# नायक समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जारी।** गुमला जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र जारी प्रखंड के कोमड़ो गांव में नायक समाज का होली मिलन समारोह मंगलवार की अपराह्न 3 बजे धूम धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम गांव के लोगों द्वारा पारंपरिक तरीके से ढोल नगाड़े एवं सहनाई बाजा के साथ फुल माला पहनाकर होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि नायक समाज के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक तथा विशिष्ट अतिथि शिवा राम एवं शंभू नायक का स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिले और साथ में बैठ कर भोजन किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष खुशमन नायक ने कहा होली का त्योहार हम सबों के लिए प्रेम एवं भाईचारगी का संदेश देता है। इस दिन लोगों को सारे गिले सिकवे को भूल कर एक नया सोच एवं विचाराधारा के साथ अपने समाज एवं देश हित के लिए काम करने का प्रण लेना चाहिए। वही खुशमन नायक ने कहा समाज के लोगों को नशापन से दूर रहना चाहिए और समाज को एकजुट रखने में अपनी भूमिका प्रस्तुत करनी चाहिए। बच्चों को शिक्षा और संस्कार दें तभी समाज विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर खुशमन नायक ने अपने समाज के संगठनिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक ढांचा की मजबूती हेतु समाज के लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया तथा होली गीत गाकर लोगों को खुब झुमाया। इस मौके पर भुनेश्वर नायक, सीताराम नायक, रामबिलास नायक, अफूनद नायक, बितन नायक, भीखेश्वर नागमणी, आगंद नायक सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## डुमरी में होली को लेकर शांति समिति की बैठक



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का एवं थाना प्रभारी अनुज कुमार के नेतृत्व में रखी गयी। वहीं होलिका दहन गुरुवार को एवं होली शनिवार को मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि डुमरी में कोई भी त्यौहार शांति पूर्ण ढंग से मनाया जाता है जो अत्यंत ही प्रशंसनीय है। कहा कि होली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए सभी ग्रामवासियों को पुलिस प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा कि वर्तमान में रमजान का महीना चल रहा है जिसे देखते हुए होली शान्तिपूर्ण ढंग से मनाये एवं नशा पान से दूर रहकर एक दूसरे से खुशियां बांटे। मुखिया ज्योति बहेर देवी ने भी रंगों का त्यौहार होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाने एवं आपस में भाईचारगी के साथ मिलजुलकर खुशियां मनाने की कहीं। मौके पर एसआई मनोज कुमार, अंचल कर्मचारी प्रणय हजाम, मझगांव मुखिया ज्योति बहेर देवी, जैरागी रेखा मिंज, सब्जीलाल साहू, सत्यनारायण ताम्रकार, अख्तर अली, शमीउल्लाह अंसारी, उमेश कुमार, अमित सिंह, दीपक सिंह, गंगा प्रसाद, अलाउद्दीन अंसारी सहित पुलिस के अन्य अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

## होली में अफवाहों पर ध्यान न दें : सीओ

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति का बैठक अंचलाधिकारी शेखर वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर गुमला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिशुनपुर वासी शांतिपूर्ण एवं भाईचारगी के साथ हैं रंगों का त्योहार होली मनायें। उन्होंने कहा कि होलिका दहन में लोग अपने अंदर की बुराई को जलायें ताकि वह अपने जीवन में शांतिपूर्ण ढंग से बेहतर जीवन यापन कर सके। उन्होंने कहा कि होली के दरमियान कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार से कोई उपद्रव ना करें किसी पर जबरदस्ती रंग न लगे इससे आपसी सौहार्द एवं भाईचारा की समाप्त हो सकता है और विधि व्यवस्था खराब हो सकता है। ऐसे लोगों पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने सभी लोगों को होली की अग्रिम बधाई दिया। मौके अंचल अधिकारी शेखर वर्मा ने कहा कि होली के दरमियान किसी भी प्रकार के अफवाह में ध्यान ना दे खास कर-के सोशल मीडिया के माध्यम से कई लोग अफवाह फैला कर सामाजिक सौहार्द को खराब करने का प्रयास करते हैं अगर किसी के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दुष्प्रचार करने का प्रयास किया जाता है तो कृपया इसकी जांच कर मैसेज को आगे भेजें या फिर प्रशासन को सूचित करें तत्काल उसके ऊपर कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगजा के दरमियान सावधानी पूर्वक होलिका दहन करे ताकि आगजनी की घटना ना हो सके। इस मौके प्रखंड विकास प्राधिकारी सुलेमान मुंडारी ,इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, गुरदरी थाना प्रभारी धीरज सिंह, रामप्रसाद बड़ाइक, कमल उरांव, कालेश्वर उरांव, सुशील मुंडा, रतनी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स

NEW DELHI WORLD PARA ATHLETICS GRAND PRIX

अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 20 देशों के 280 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं, जो अगले तीन दिनों में 98 प्रतिस्पर्धाओं में अपना कौशल दिखायेंगे।

# दिल्ली में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री का आगाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राजधानी के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 की शानदार शुरूआत हुई। इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 20 देशों के 280 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं, जो अगले तीन दिनों में 98 प्रतिस्पर्धाओं में अपना कौशल दिखायेंगे। इन प्रतिभागियों में 195 पुरुष और 85 महिला एथलीट शामिल हैं, जो इसे वैश्विक पैरा एथलेटिक्स कैलेंडर की एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता बनाते हैं।

**खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने किया उद्घाटन**

उद्घाटन समारोह में भारत सरकार की खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने इस आयोजन को भारत में पैरा खेलों के विकास के लिए एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक शुरूआत है और समर गेम्स 2036 की तैयारियों के तहत ऐसे आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे।

इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज करायी, जिनमें भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएसआर सुब्रमणि, पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स के प्रतिस्पर्धा प्रमुख मार्टिन चार्ली, एशियन पैरालंपिक कमेटी के अध्यक्ष माजिद राशिद, पीसीआइ के महासचिव जयवंत जीएच और प्रतियोगिता निदेशक डॉ. सत्यपाल शामिल थे।

**भारतीय सेना के सांस्कृतिक प्रदर्शन ने मोहा मन**

उद्घाटन समारोह को और भी भव्य बनाने के लिए भारतीय सेना द्वारा कुकी नृत्य और कलारीपयट्टु जैसे पारंपरिक प्रदर्शन किए गए, जिसने भारतीय और विदेशी एथलीटों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**ग्रां प्री भारत के लिए गर्व का क्षण**

पीसीआइ के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि यह आयोजन साहस, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि भारत गर्व महसूस कर रहा है कि वह दुनिया के बेहतरीन पैरा-एथलीटों की मेजबानी कर रहा है और इसे पैरा खेलों के विकास के लिए एक सुनहरा अवसर बताया।

वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स के वरिष्ठ अधिकारी मार्टिन चॉर्ली ने कहा कि भारत में पहली बार यह ग्रां प्री आयोजित होना खास है। उन्होंने इस आयोजन को आगामी वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी बताया, जो इसी साल दिल्ली में होगी।

## 6 लाभुकों के बीच सूकर का वितरण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पशुपालन विभाग द्वारा घाघरा ब्लॉक परिसर में 6 लाभुकों के बीच 6 यूनिट सूकर का वितरण प्रखंड प्रमुख सविता देवी और पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सीमा एक्का द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वहीं पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक लाभुकों को पशुपालन विभाग द्वारा एक नर और चार मादा सूकर दिया गया है। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत सुकर पालन योजना का लाभ लाभुकों के बीच दिया गया है। सुकर पालन से ग्रामीण आत्मनिर्भर बनेंगे और अपने आय को बढ़ायेंगे। पशुपालन के क्षेत्र में भी लोग बेहतर काम कर रहे हैं और आगे बढ़ रहे हैं। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## कार्रवाई : केस में फंसाने की धमकी देकर युवक से मांगे 10 हजार रुपये

# गांधीनगर थाना के एएसआइ अजय को एसीबी ने रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो/धनबाद।** केस में फंसाने की धमकी देकर एक युवक से 10 हजार रुपए रिश्वत लेने वाले एएसआई अजय प्रसाद को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया है। अजय प्रसाद बोकारो जिले के बेरमो कोयलांचल अंतर्गत गांधीनगर थाना में पदस्थापित हैं। एसीबी की टीम एएसआई अजय प्रसाद को अपने साथ धनबाद ले गयी है।



एसीबी की गिरफ्तर में गांधीनगर थाना के एएसआइ अजय प्रसाद की फाइल फोटो।

जानकारी के मुताबिक जरीडीह बाजार के ऊपर बाजार में रहने वाले अनुराग गुप्ता एएसआई के संडे बाजार स्थित आवास में पैसे देने गये थे। इस दौरान बाहर में एसीबी की टीम निगरानी कर रही थी। जैसे ही अनुराग गुप्ता ने अजय प्रसाद को पैसे दिये, एसीबी की टीम ने उन्हें धर दबोचा। पूछताछ के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी की गयी और एसीबी की टीम उन्हें धनबाद ले गयी। वहीं, गांधीनगर थाना में पहली बार एसीबी की छापामारी से पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

### पीड़ित की शिकायत पर की गयी कार्रवाई

जरीडीह बाजार के ऊपर बाजार निवासी दिनेश प्रसाद गुप्ता के पुत्र अनुराग गुप्ता ने एसीबी में शिकायत की थी कि उनसे गांधीनगर थाना के एएसआई ने एक केस में नाम डालने के नाम पर पैसे की मांग की है। सोमवार को टुपकाडीह में रहने वाले इंतखाब अंसारी ने चार नंबर पेट्रोल पंप के पास पैसे के लेन-देन के मामले में मारपीट की शिकायत दर्ज करवायी थी। इसमें कुरपनिया के दो युवक विशाल और सागर को आरोपी बनाया गया था। उसी सिलसिले में अनुराग का भी नाम केस में जोड़ देने की बात एएसआई ने कही थी।

# धनबाद जेल में देर रात छापामारी, गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई के वार्ड से मोबाइल-चार्जर बरामद

छापामारी के दौरान डीसी और एसएसपी सहित कई अन्य अधिकारी रहे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मंडल कारा (जेल) में जिला प्रशासन ने सोमवार की देर रात छापामारी की। डीसी माधवी मिश्रा और एसएसपी सहित अन्य अधिकारी जेल पहुंचे और छापामारी की। इस दौरान वहां से मोबाइल, चार्जर और ईयरबड्स बरामद हुए हैं। डीसी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि जेल में सोमवार की देर रात छापामारी की गयी। इस क्रम में तीन मोबाइल फोन, चार्जर और ईयरबड्स बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की टीम पहुंची और जेल में औचक निरीक्षण किया। सूत्रों की मानें तो धनबाद जेल में छापामारी के दौरान फरार गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई बंटी और गॉडविन खान के वार्ड से मोबाइल फोन बरामद हुआ है। ये दोनों हत्या के आरोप में धनबाद जेल में बंद हैं। गैंगस्टर प्रिंस खान फरार है और दुबई से धनबाद के व्यापारियों से फोन पर रंगदारी मांगता है।

### धनबाद जेल में ही कर दी गयी थी अमन सिंह की हत्या, उठे थे सवाल

बतातें चलें कि दिसंबर 2023 में धनबाद मंडल कारा में जिले के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह के हत्यारे (शूटर) अमन सिंह की हत्या गोली मारकर कर दी गयी थी। तब भी काफी बवाल हुआ था। सुरक्षा पर सवाल उठ रहे थे कि आखिर जेल के अंदर बंदूक कैसे पहुंची। कई जेल के अधिकारियों पर कार्रवाई भी हुई थी।

# शांति और भाइचारे के साथ मनायें होली का त्योहार: अवधेश पासवान





**धनबाद (आजाद सिपाही)।** टाइगर फोर्स की ओर से केंदुआडीह के छठ तालाब के पास होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें टाइगर फोर्स के धनबाद जिला महामंत्री अवधेश पासवान शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के हर सुख-दुख में मैं सभी के साथ, सबका आवाज बनकर उठाता रहूंगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों को शांति और अमन के साथ होली का त्योहार मनाने का संदेश दिया। साथ ही रंग-अबीर लगाकर होली खेला और बड़े-बुजुर्गों को माला पहनाकर स्वागत कर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर गायक शंकर व्यास, सपन बनर्जी, टिंकू महतो, संदीप श्रीवास्तव, सोनू मलिक, दीनानाथ पासवान, पंकज सिंह, आशीष चौहान, सोनू चौहान, रामप्रवेश दास, रामबालक पासवान, राजेंद्र पासवान, सुनील पासवान, अमित पासवान, विक्रम सोनू, कमलेश पासवान और दिलीप पासवान आदि उपस्थित रहे।

# सीआइएसएफ ने जब्त किया तीन टन अवैध कोयला

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला क्षेत्र के चांदमारी मांझी बस्ती में सीआइएसएफ जवानों ने मंगलवार को कोयला चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान यहां से 30 टन कोयला जब्त किया। जिसे बस्ताकोला प्रबंधन को सौंप दिया। बताया जा रहा कि इस मार्ग में हाइवा से कोयला ट्रांसपोर्टिंग किया जाता है। कोयला चोर हाइवा पर चढ़कर कोयला उतारते है। इसके बाद धंधेबाजों द्वारा बाइक से गांधी रोड सब्जी बगान, चांदमारी और जोड़ाफाटक के रास्ते गोविंदपुर-धनबाद इलाके में उसे खपा दिया जाता है।

# होली पर्व को लेकर पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** होली त्योहार के मद्देनजर धनबाद के पुलिस लाइन स्थित पुलिस केंद्र में मंगलवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिला पुलिस की ओर से अनियंत्रित भीड़ को रोकने के लिए मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार ने बताया कि होली पर्व में किसी भी विशेष परिस्थिति और संकट उत्पन होने पर पुलिस किस प्रकार उस पर नियंत्रण करती है, उसी को लेकर यह मॉक ड्रिल अभ्यास किया गया। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस की ओर से शांति समिति की बैठक भी सभी थाने में किया गया है, ताकि यह होली पर्व शांति,भाईचारे और स्वस्थ माहौल में खुशी खुशी मना जाय।



# महुदा में हार्ट अटैक से छात्र की हुई मौत



**महुदा (आजाद सिपाही)।** गोलघर स्थित रेलवे क्वार्टर में रहने वाले पूर्व रेलकर्मी प्रमोद कुमार के 22 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गयी। विशाल बीटेक का छात्र था। मंगलवार तड़के चार बजे अपने बिस्तर से उठकर मां से पानी मांगा। पानी पीकर वह अचानक अचेत होकर गिर पड़ा। परिवार के सदस्य तुरंत उसे धनबाद अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, विशाल की हार्ट अटैक आने के कारण मौत हुई है। बतातें चलें कि मृतक विशाल तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी असामयिक मौत से परिवार में शोक की लहर है।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02 (E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**SHORT e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 551 /PR/ JUSNL/ 2024-25**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Deployment of surveyor to carry out detailed survey & estimate for the transmission line required for 04 nos. Railway owned TSS at Tatisilwai, Lodhma, Lohardaga & Bano in connection with 2x25 kV up gradation work. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 25,80,559.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 51,700.00 On line mode |
| Completion Period | 45 Days |
| e-Tender fee | Rs. 5,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 10.03.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 10.03.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 24.03.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 25.03.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
C&M (NWBP)

PR 348356 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D


# झामुमो के होली मिलन में जमकर उड़े अबीर-गुलाल, दिया भाइचारे का संदेश



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झामुमो की धनबाद जिला कमेटी ने मंगलवार को एक निजी होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक होली के रंग में सराबोर हुए। इस दौरान सभी से सौहार्द और भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाने की अपील की गयी। कार्यक्रम में भोजपुरी गायक राजू सिंह अनुरागी ने पारंपरिक फगुआ गीतों से माहौल को जीवंत बना दिया। इसमें पार्टी के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, मुकेश सिंह, नीलम मिश्रा, रतीलाल टुडू, मदन महतो, हरीश सिंह, अनवरी खातून, मंटू चौहान, मिराज खान आदि उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा झामुमो सभी समुदायों और धर्मों को साथ लेकर चलने में विश्वास करता है। हम होली पर सभी से मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील करते हैं। झामुमो सरकार झारखंड के विकास और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का कार्य करेगी।

# झारखंड टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक 16 को

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड टेंट डेकोरेटर वेल्फेयर एसोसिएशन झारखंड के चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में धनबाद के एक मैरेज हॉल में बैठक हुई। जिसमें संगठन के महासचिव द्वारिका प्रसाद तिवारी ने बताया कि 16 मार्च को धनबाद के स्वागतम मैरेज हॉल में झारखंड टेंट डेकोरेटर वेल्फेयर एसोसिएशन झारखंड के सभी जिलों के पदाधिकारियों-कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक होगी। इसमें टेंट एसोसिएशन और टेंट व्यवसाय से संबंधित विभिन्न समस्याओ पर चर्चा की जायेगी। बैठक में जयशंकर प्रसाद, महेंद्र गोप, गुड्डू साव, प्रवीण कुमार, भरतजी भगत, मनजीत सिंह, संजय तिवारी और अशोक पंडीत आदि मौजूद थे।

# लोजपा नेता ने आयोजित किया दावत-ए-इफ्तार

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** लोजपा के प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष बेलाल खान के आवासीय कार्यालय जोड़ापोखर एक नंबर में युवा वेलफेयर फेडेशन की ओर से दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर नमाजियों को नमाज पढ़ने की भी व्यवस्था की गयी थी। सभी ने देश की सलामती की दुआ मांगी है। ताकि भाईचारा बने रहे। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, कृपाल सिंह, डॉक्टर एस अहमद, मिठू खान, इरशाद खान, शमसाद खान, नौशाद खान और सरफराज आलम आदि उपस्थित रहे।




**जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त का कार्यालय, गुमला**

**मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन की सूचना**

नगरपालिका आम) निर्वाचन 2025 के लिए तैयार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन नगर परिषद कार्यालय, गुमला एवं सभी 22 वार्डों से संबंधित मतदान केन्द्रों में दिनांक 10.03.2025 को कर दिया गया है। इन सभी स्थलों पर दिनांक 10.03.2025 से 20.03.2025 तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक मतदाताओं के निरीक्षण हेतु मतदाता सूची का प्रारूप उपलब्ध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो उक्त स्थल पर प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक को प्रपत्र–'क' एवं प्रपत्र–'ख' में अपना दावा/आपत्ति लिखकर प्रस्तुत कर सकेगा, जिसके लिए उसे विहित प्रपत्र में पावती रसीद दी जायेगी। प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक की सूची निम्नवत् है :–

| क्र0 | वार्ड संख्या | मतदान केन्द्र संख्या | स्थान का नाम जहाँ मतदाता सूची (प्रारूप) रखी गई है। | प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 1 | 1/1 | लुथेरन मिडिल स्कूल दुन्दुरिया (उ0 भाग) | श्रीमती फुलो देवी BLO |
| 2 | 1 | 1/2 | लुथेरन मिडिल स्कूल दुन्दुरिया (द0 भाग) | श्रीमती खीस्टीना मिंज BLO |
| 3 | 2 | 2/1 | बचपन द लिटिल किंगडम स्कूल (जुनियरविंग) दुन्दुरिया (उ0 भाग) | श्रीमती फुलमनी लकड़ा BLO |
| 4 | 2 | 2/2 | बचपन द लिटिल किंगडम स्कूल (जुनियरविंग) दुन्दुरिया (द0 भाग) | श्रीमती चन्द्रमनी लकड़ा BLO |
| 5 | 3 | 3/1 | हॉली चाइल्ड बाल भारती स्कूल, गुमला | श्रीमती अनुपा बाड़ा BLO |
| 6 | 3 | 3/2 | उत्क्रमित प्राथमिक विधालय, करंजटोली | श्रीमती बिनको बाड़ा BLO |
| 7 | 4 | 4/1 | सामुदायिक भवन अम्बेदकर नगर गुमला | श्रीमती सोसन कुजूर BLO |
| 8 | 4 | 4/2 | मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, खड़िया पाड़ा | श्रीमती बिमला देवी BLO |
| 9 | 5 | 5/1 | व्यापार मण्डल, गुमला | श्रीमती अल्पना मिंज BLO |
| 10 | 5 | 5/2 | संयुक्त सहकारिता भवन, गुमला | श्रीमती तेरेसा कुजूर BLO |
| 11 | 6 | 6/1 | संत इग्नासियुस उच्च विधालय, गुमला (उ0 भाग) | श्रीमती महन्ती किण्डो BLO |
| 12 | 6 | 6/2 | संत इग्नासियुस उच्च विधालय, गुमला (द0 भाग) | श्रीमती मधु मेरीना लकड़ा BLO |
| 13 | 7 | 7/1 | सामुदायिक भवन घाटो बगीचा, गुमला | श्रीमती सरीता देवी BLO |
| 14 | 7 | 7/2 | रोटरी क्लब पालकोट रोड, गुमला | श्रीमती उषारानी BLO |
| 15 | 8 | 8/1 | पोद्दार धर्मशाला, हॉल सिसई रोड़ गुमला (द0 भाग) | श्रीमती गीता देवी BLO |
| 16 | 8 | 8/2 | पोद्दार धर्मशाला, का हॉल सिसई रोड़ गुमला (उ0 भाग) | श्रीमती मनी रजनी देवी BLO |
| 17 | 9 | 9/1 | राजकीय हरिजन मध्य विधालय, गुमला (पूर्वी भाग) | सबीना खातुन/सहिया |
| 18 | 9 | 9/2 | राजकीय हरिजन मध्य विधालय, गुमला (पश्चिमी भाग) | प्रवीण नाशरीन BLO |
| 19 | 10 | 10/1 | चलंत मतदान केन्द आजाद बस्ती के मो0 शकिल का खाली प्लॉट (पूर्वी भाग) | श्रीमती हेना फिरदौस BLO |
| 20 | 10 | 10/2 | चलंत मतदान केन्द आजाद बस्ती के मो0 शकिल का खाली प्लॉट (पश्चिमी भाग) | श्रीमती रिता देवी BLO |
| 21 | 11 | 11/1 | महेश्वरी भवन, लोहरदगा रोड गुमला (पूर्वी भाग) | श्रीमती शोभा रानी बेक BLO |
| 22 | 11 | 11/2 | महेश्वरी भवन, लोहरदगा रोड गुमला (पश्चिमी भाग) | अनिल लोहरा/PIU |
| 23 | 12 | 12/1 | संत जोन्स मेमोरियल पब्लिक स्कूल, चेटर गुमला (उ0 भाग) | श्रीमती प्रभा लकड़ा BLO |
| 24 | 12 | 12/2 | संत जोन्स मेमोरियल पब्लिक स्कूल, चेटर गुमला (द0 भाग) | अलविस एक्का/अनुसेवक |
| 25 | 13 | 13/1 | उत्क्रमित प्राथमिक विधालय, चेटर (उ0 भाग) | श्रीमती निर्मला देवी BLO |
| 26 | 13 | 13/2 | उत्क्रमित प्राथमिक विधालय, चेटर (द0 भाग) | शशी देवी BLO |
| 27 | 14 | 14/1 | उर्दु मिडिल स्कूल, गुमला (उ0 भाग) | कहकशा खानम BLO |
| 28 | 14 | 14/2 | उर्दु मिडिल स्कूल, गुमला (द0 भाग) | श्रीमती अनुराधा कुमारी BLO |
| 29 | 15 | 15/1 | मुख्य मंत्री उत्कृष्ट विधालय (बालिका) गुमला (पूर्वी भाग) | श्रीमती पुनम देवी BLO |
| 30 | 15 | 15/2 | मुख्य मंत्री उत्कृष्ट विधालय (बालिका) गुमला (प0 भाग) | श्रीमती सीमा देवी BLO |
| 31 | 16 | 16/1 | राजेन्द्र अभ्यास मध्य विधालय, गुमला (उ0 भाग) | श्रीमती अश्रोती देवी BLO |
| 32 | 16 | 16/2 | राजेन्द्र अभ्यास मध्य विधालय, गुमला (द0 भाग) | श्रीमती जीरा देवी BLO |
| 33 | 17 | 17/1 | मॉडल स्कूल, गुमला करंजटोली, गुमला (उ0 भाग) | श्रीमती संध्या देवी BLO |
| 34 | 17 | 17/2 | मॉडल स्कूल, गुमला करंजटोली, गुमला (द0 भाग) | श्रीमती संध्या मिश्रा BLO |
| 35 | 18 | 18/1 | इन्टर महिला महाविधालय, गुमला (पूर्वी भाग) | श्रीमती मीना देवी BLO |
| 36 | 18 | 18/2 | इन्टर महिला महाविधालय, गुमला (पश्चिमी भाग) | मुन्ना कुमार/PIU |
| 37 | 19 | 19/1 | सरस्वती शिशु मंदिर, गुमला (उ0 भाग) | श्रीमती जानकी तिर्की BLO |
| 38 | 19 | 19/2 | सरस्वती शिशु मंदिर, गुमला (द0 भाग) | श्रीमती जसिन्ता देवी BLO |
| 39 | 20 | 20/1 | जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विधालय, गुमला (B-Block) | श्रीमती रेखा देवी BLO |
| 40 | 20 | 20/2 | जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विधालय, गुमला (D-Block) | श्रीमती मंजु पाठक BLO |
| 41 | 21 | 21/1 | नगर परिषद कार्यालय भवन, गुमला (पूर्वी भाग) | श्रीमती रंजीता बा: BLO |
| 42 | 21 | 21/2 | नगर परिषद कार्यालय भवन, गुमला (पश्चिमी भाग) | श्रीमती रिंकी देवी BLO |
| 43 | 22 | 22/1 | जल पथ प्रमंडल कार्यालय भवन, गुमला | श्रीमती खुशी जेदिया BLO |
| 44 | 22 | 22/2 | आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सरनाटोली, गुमला | श्रीमति जया बा : BLO |

प्रारूप मतदाता सूची का अवलोकन जिला के वेबसाईट (gumla.nic.in) पर भी किया जा सकता है।

नोटः– किसी तरह की सूचना/जानकारी हेतु श्री हिरालाल साहु, जनसेवक,7782835105 एवं श्री रामकुमार यादव, जनसेवक, 8809999507 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, गुमला

PR 348333 Panchayati Raj(24-25)#D


# वाहन चालकों को किया गया सम्मानित





**कतरास (आजाद सिपाही)।** सिजुआ क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स क्लब में होली पर्व के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सिजुआ क्षेत्र में कार्यरत निजी वाहन चालकों को दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता द्वारा फुलपैंट, शर्ट का कपड़ा, रंग-गुलाल और खाद्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन प्रज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र के तत्वावधान में हुआ। जिसकी शुरूआत में प्रज्वला महिला मंडल सिजुआ क्षेत्र की अध्यक्ष शशि प्रसाद ने मुख्य अतिथि मिली दत्ता, उपाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, पूर्विता रमैया और नमिता सहाय का स्वागत किया। इसके बाद महिला मंडल की सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मिली दत्ता ने प्रज्वला महिला मंडल, सिजुआ क्षेत्र की सराहना करते हुए उनकी पहल की तारीफ की और महिला सशक्तिकरण के इस सुंदर उदाहरण को प्रेरणादायक बताया।

## श्री फाल्गुन श्याम महोत्सव पर करगली में भजन संध्या का आयोजन

# श्याम का नाम छुपा रखा है...

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार शिवनारायण श्याम मंदिर में सोमवार की रात श्री फाल्गुन श्याम महोत्सव के अवसर पर समाजसेवी ललित अग्रवाल की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें जमशेदपुर से आए भजन गायक नीलकांत मोदी, बेरमो से कैलाश बरनवाल, पिंकी अग्रवाल और पम्मी सांडिल्य ने एक से बढ़कर एक भजन और फागुन गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। शुरूआत गणेश वंदना के साथ की गयी। सभी गायकों ने 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे श्याम आएंगे... श्याम आएंगे तो अंगना सजाएंगे...,' 'आज ब्रज में होरी है रे रसिया....' 'मत मारो श्याम मोए पिचकारी....'सुन लो कन्हईया अजर्जी हमारी.... 'इस दिल में क्या रखा है, श्याम का नाम छुपा रखा है... 'सांवरे की महफिल को सजाना है....'' हारे हारे हारे बाबा का सहारा...., मैं तो मेरे श्याम को रिझावन आया....' दर्जी सिम दे निसान, मन्ने खाटू जानो से..., लहरे निसान फुसरो में..., लेके हाथों में निसान दीवाना चला खाटू धाम... आदि भजन प्रस्तुत कर देर रात तक लोगों को झुमाया। इस अवसर पर बाबा का श्रृंगार किया गया और छप्पन भोग लगाया गया। साथ ही सैकड़ों श्याम भक्तों ने फूलों की होली खेली और प्रसाद ग्रहण किए। पुजारी संतोष दीक्षित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न कराया। इस मौके पर बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, ओम अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, भवानी अग्रवाल, उत्तम सिंह, नेमीचंद गोयल, मुकेश शर्मा, मोहित अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, दयानंद बरनवाल, पवन अग्रवाल, शंकर गोयल, सुशील पेडीवाल, लाखन सिंह, लता अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, भावना अग्रवाल, सृष्टि अग्रवाल, उमा अग्रवाल आदि मौजूद थे।



# विकसित भारत के लिए करनी होगी तीन गुना मेहनत : रेल मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने भारतीय रेल के संचालन को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधेयक पारित किया। सदन को संबोधित करते हुए, रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह विधेयक रेलवे क्षेत्र में सशक्तिकरण, दक्षता में वृद्धि और सहकारी संघवाद को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने चर्चा में भाग लेने वाले 25 सांसदों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह विधेयक मौजूदा कानूनों को सरल बनाने के लिए लाया गया है, जिससे राज्य सरकारों की शक्तियां कम नहीं होंगी बल्कि विकेंद्रीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को अब 1,000 करोड़ तक की परियोजनाओं को स्वीकृत करने की पूर्ण स्वतंत्रता दी गयी है। वैष्णव ने रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन को लेकर उठाई गयी चिंताओं पर भी चर्चा की। उन्होंने घोषणा की कि 60 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पूर्ण एक्सेस कंट्रोल लागू किया जायेगा, जिससे केवल कंफर्म टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा, उच्च भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों पर यात्रियों की अप्रत्याशित संख्या को समायोजित करने के लिए विशेष ट्रेनों की तैनाती की जायेगी। अपने संबोधन के अंत में, मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को दोहराया और रेलवे कर्मचारियों और सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वे पिछले एक दशक में रखी गयी मजबूत नींव पर तीन गुना अधिक मेहनत करें। इस विधेयक का पारित होना भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित, कुशल और सुविधाजनक सेवाएं सुनिश्चित करेगा।

**रेलवे एक्ट 2025 का संक्षिप्त विवरण**

रेलवे बोर्ड की देखरेख में रेलवे अपने जोन, डिवीजन और उत्पादन इकाइयों आदि के माध्यम से काम करता है। अब रेलवे संशोधन अधिनियम 2025 बिल औपनिवेशिक काल के प्रावधानों की जगह लेगा।

## रेलवे क्षेत्र में प्रमुख सुधार और उपलब्धियां

**बुनियादी ढांचा विकास**

(1)पिछले 11 वर्षों में 34,000 किलोमीटर नयी रेलवे पटरियां बिछाई गयी, जो जर्मनी के कुल रेल नेटवर्क से अधिक है।
(2) 45,000 किलोमीटर रेलवे का विद्युतीकरण पूरा किया गया, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता में कमी आयी।
(3) 50,000 किलोमीटर पुरानी पटरियों को नयी, उच्च गुणवत्ता वाली पटरियों से बदला गया।

**सुरक्षा सुधार**

(4) रेलवे सुरक्षा में निवेश बढ़कर 1.14 लाख करोड़ हुआ, जो पिछली सरकारों में केवल 8,000 करोड़ था।
(5) रेल फ्रैक्चर की घटनाओं में 91% की कमी आयी—2013-14 में 2,548 घटनाएं होती थीं, जो अब न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई हैं।
(6) 'कवच' सुरक्षा प्रणाली लागू की गयी, जिसे एसआइएल-4 प्रमाणन प्राप्त है, जो रेलवे संचालन के लिए उच्चतम सुरक्षा स्तर सुनिश्चित करता है।

**रोजगार और क्षमता निर्माण**

(1) एनडीए सरकार के दौरान 5,02,000 नौकरियां दी गयी, जबकि यूपीए शासन में यह संख्या 4,11,000 थी।
(2) लाखों अभ्यर्थियों की भागीदारी के साथ रेलवे भर्ती परीक्षाएं पारदर्शी रूप से आयोजित की गयी।
(3) आइजीओटी प्लेटफॉर्म पर रेलवे कर्मचारियों के लिए उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किए गये।

**यात्री सुविधाएं और आधुनिकीकरण**

(4) 3,10,000 आधुनिक शौचालय रेलवे कोचों में स्थापित किये गये, जिससे स्वच्छता मानकों में जबरदस्त सुधार हुआ।
(5) लोको पायलटों के लिए 558 रनिंग रूम अब पूरी तरह वातानुकूलित हैं।
(6) नयी पीढ़ी के इंजन अत्याधुनिक तकनीक और बेहतर कार्य वातावरण के साथ निर्मित किये जा रहे हैं।

## मवेशी माफियाओं के साथ मुठभेड़, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** संबलपुर में मवेशियों माफिया के साथ मुठभेड़। यह मुठभेड़ मंगलवार की सुबह 5:30 बजे हुई। संबलपुर में सिटी स्टेशन के पास पुलिस ने मवेशियों का भरे कंटेनर को रोकने पर माफियाओं ने पुलिस पर तीन राउंड गोलियां चलाईं। पुलिस ने हमलावरों पर जवाबी कार्रवाई की। पुलिस की गोलीबारी में दो माफिया घायल हो गये। गोली लगने से घायल हुए दोनों माफिया को बुर्ला के विमासार हस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना उस समय हुई जब पुलिस ने मवेशियों से भरे कंटेनर को पश्चिम बंगाल जा रहे एक ट्रक को रोका, जबकि दो माफिया एक काले रंग के कार में मवेशियों को ले जाने वाले वाहन के आगे चल रहे थे। जब पुलिस ने कंटेनर को रोका तो मवेशियों माफिया ने पुलिस पर गोलियां चला दीं। उन्होंने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाईं, जिसमें दोनों माफिया घायल हो गये। पुलिस ने उसके पास से दो देशी पिस्तौल और चार गोलियां जब्त की हैं।

## नकली जर्दा फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भद्रक में नकली जर्दा फैक्ट्री का भंडाफोड़, पुलिस ने 3 लोगों को किया गिरफ्तार। पुलिस ने भद्रक के पुराना बाजार में एक नकली जर्दा कारखाने पर छापा मारा है। अवैध कारोबार में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और एक स्कूटर, दो मोबाइल, जर्दा प्याक की मशीन और सामान जब्त किया गया। बीती रात भद्रक पुरानी बाजार पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को कुछ सूत्रों से जानकारी मिली और अवैध जर्दा बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारा। पुलिस ने करीब दो लाख रुपये कीमत की नकली जर्दा के साथ मशीन और सामान जब्त कर लिया। पिछले कुछ दिनों से विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के जर्दा ब्रांड के कभर का उपयोग करके इस क्षेत्र में नकली जर्दा अवैध रूप से भरा जा रहा था।

# विशेष अभियान में बालू लदे 524 वाहन जब्त, 360 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में चोरा बालू, मोरम और मांकड़ा पत्थर माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। राज्य पुलिस महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया ने मीडिया को बताया कि राज्य पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर बालू लोड करने वाले ट्रैक्टर, ट्रक, टिपर और हाइवा को जब्त किया जा रहा है। जिला प्रशासन, खनन विभाग और पुलिस विभाग के सहयोग से पुलिस द्वारा यह विशेष अभियान पिछले सात तारीख से शुरू किया गया था। अब तक पूरे राज्य में बालू, मोरम और मांकड़ा पत्थर माफियाओं के खिलाफ 456 मामले दर्ज किये गये हैं और 524 बालू लदे वाले ट्रैक्टर, ट्रक, टीपर और हाइवा जब्त किये गये हैं। डीजीपी खुरानिया ने मीडिया को बताया कि 360 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 100 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किया गया है। डीजीपी ने कहा की है कि धरपगढ़ का यह अभियान जारी रहेगा। स्थानीय लोग बालू, मोरम में तस्करी के बारे में भी पुलिस को सूचित कर सकते हैं। उन्होंने मीडिया को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पुलिस के इस अभियान से बालू, मोरम और मांकड़ा पत्थर माफियाओं का मनमानी दौरात्म्य कम होगा।

## तमिलनाडु सीएम की बैठक में शामिल होंगे नवीन पटनायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** डीएमके प्रतिनिधि सह सांसद दयानिधि मारन ने पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक से मंगलवार को मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बीजद नेता को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा परिसीमन के मुद्दे पर बुलायी गयी विशेष बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। यह बैठक 26 तारीख को चेन्नई में होगी। नवीन ने बैठक के प्रति अपना समर्थन जताया और इसमें शामिल होने का वादा किया। मुलाकात के बाद डीएमके सांसद ने कहा कि 2026 में परिसीमन प्रस्तावित है। यह हमारे राज्यों के लिए अच्छा नहीं है।

## रावेंशॉ के छात्रों ने किया 'लेक्स इंटेलेक्टा 2025' में उत्कृष्ट प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कटक के रावेंशॉ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली दो टीमों ने शनिवार को यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) के विधि अध्ययन संकाय, एसओए राष्ट्रीय विधि संस्थान (एसएनआइएल) द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता–लेक्स इंटेलेक्टा 2025 में पहला और तीसरा स्थान हासिल किया। कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की एक टीम ने दूसरा पुरस्कार जीता, इस कार्यक्रम को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 'प्राइमम सर्कम', प्रतियोगिता का पहला दौर, एक बहुविकल्पीय प्रश्न उंमूलन दौर था, जहां शीर्ष दस टीमों का चयन किया गया। दूसरा दौर, 'चीट द चिट' के रूप में सूचीबद्ध, सक्रिय दर्शकों की भागीदारी के साथ प्रतियोगियों की महत्वपूर्ण सोच का परीक्षण किया। कार्यक्रम का समापन तीसरे दौर, 'लॉर्ड ऑफ द राउंड्स' के साथ हुआ, जिसमें शीर्ष छह टीमें दो गहन उप-दौरों में शामिल थीं, जिसमें असाधारण बुद्धि और संयम का प्रदर्शन किया गया। एसओए के प्रो वाइस चांसलर प्रो अनूप कुमार सामंतराय ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम के समापन समारोह की शोभा बढ़ाई और पुरस्कार वितरित किये। एसएनआइएल के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो प्रबीर कुमार पटनायक ने समापन समारोह को संबोधित किया, जबकि प्रो सामंतराय ने ऐसी प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाला जो ज्ञान और बुद्धि का पोषण करती हैं। संकाय संयोजक डॉ अमृता दास ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

## 10 हजार 300 किलो गांजा जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कंधमाल और गजपति जिला पुलिस ने 5 थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर भारी मात्रा में गांजा जब्त किया। पुलिस 10 हजार 300 किलो से ज्यादा गांजा जब्त करने में सफल रही है। गौरतलब है कि जहां डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया ने गांजा तस्करी को रोकने के लिए आदेश दिया है, वहीं राज्य के विभिन्न जिलों के एसपी इस पर अमल कर रहे हैं। कंधमाल जिले के गोछापड़ा थाना पुलिस ने काटरिंगिया ग्राम पंचायत के तहत बुडेनीपंक गांव के पास जंगल में छापेमारी की और मौके से 3675 किलोग्राम, फुलबानी सदर थाना के तहत बिलबाड़ी ग्राम पंचायत निकिनींडा ग्राम्य के जंगल से 1440 किलोग्राम, तुमुडिबंध पुलिस स्टेशन के कुथार्गुड़ा ग्राम पंचायत के तहत बानीमिल्ला जंगल से 615 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया और ब्राह्मणीगांव पुलिस स्टेशन के पडिकिया के पास राजनगर जंगल से 2555 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। गजपति जिला आर उदयगिरि थाना क्षेत्र के रिधिमा गांव के पास छापेमारी कर 20 क्विंटल 20 किलोग्राम 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। यह विशेष अभियान 31 मार्च तक चलेगा और डीजीपी ने वरिष्ठ अधिकारियों को इस समय सीमा के भीतर गांजा की खेती के पूर्ण उंमूलन के लिए काम करने का निर्देश दिया है।

### पाकिस्तान में पैसेंजर ट्रेन हाइजैक, 11 सैनिकों की हत्या

# बलूच आर्मी का दावा,182 यात्री बंधक

आजाद सिपाही संवाददाता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाइजैक कर लिया। बीएलए ने बयान जारी कर बताया कि 182 पैसेंजर्स को बंधक बना रखा है। बीएलए ने बयान में ये भी बताया कि अब तक 11 पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं और एक ड्रोन भी मार गिराया गया है। बीएलए के लड़ाकों का अब भी जाफर एक्सप्रेस पर पूरी तरह नियंत्रण बना हुआ है। ये हमला क्वेटा से पेशावर के रूट में बोलान जिले के माशकाफ इलाके में हुआ।

# चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए आयोग करेगा सर्वदलीय बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किये हैं। मंगलवार को राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**